रोहतक
बुधवार 19 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 195
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 36.8°C
न्यून. 23.8°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 जीत से छह विकेट दूर टीम इंडिया श्रीलंका के सामने पहाड़ जैसा टारगेट

हरियाणा के 4 खिलाड़ियों सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार

नई दिल्ली (एजेंसी)। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को वर्ष 2025 के लिए किसी भी खिलाड़ी को प्रतिष्ठित ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया, जबकि 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना। पुरस्कार पाने वालों में हरियाणा के चार खिलाड़ी, नरेंद्र बेरवाल, सुरजीत, एकता भ्याण और पूजा शामिल हैं। इन पुरस्कारों के लिए छह महीने पहले सिफारिश की गई थी जिनका खेल मंत्रालय ने मूल्यांकन किया और किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला लिया। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने हॉकी स्टार हार्दिक सिंह को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किया था लेकिन आखिर में वह दौड़ से बाहर हो गए। इससे पहले, 2014 में भी खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था। विश्व कप विजेता शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, डेकाथलॉन और ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर और बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद उन 17 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें मंगलवार को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

24 नामों की सिफारिश की थी

अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों में ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ीदार त्रीसा जॉली, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र और युवा बधिर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत भी शामिल हैं। एशियाई खेल 1962 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे फुटबॉलर आई अरुमैनायगम को आजीवन उपलब्धि के लिए अर्जुन पुरस्कार दिया गया है। इस वर्ष चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 24 नामों की सिफारिश की थी, लेकिन मंत्रालय ने केवल 17 नामों को ही मंजूरी दी।

म्हारे इन बेटे और बेटियों ने बढ़ाया मान

नरेंद्र बेरवाल

सुरजीत



एकता भ्याण

पूजा

अर्जुन पुरस्कार

- तेजस्विन शंकर — एथलेटिक्स
- प्रियंका गोस्वामी — एथलेटिक्स
- नरेंद्र बेरवाल — मुक्केबाजी
- विदित गुजराती — शतरंज
- दिव्या देशमुख — शतरंज
- धनुष श्रीकांत — बधिर शूटिंग
- राजकुमार पाल — हॉकी
- सुरजीत — कबड्डी
- रुद्रांश खंडेलवाल — पैरा-शूटिंग
- एकता भ्याण — पैरा-एथलेटिक्स
- अरविंद सिंह — रोइंग
- अखिल श्योराण — शूटिंग
- त्रीसा जॉली — बैडमिंटन
- गायत्री गोपीचंद — बैडमिंटन
- लालरेम्सियामी — हॉकी
- मुहम्मद अजमल — एथलेटिक्स
- पूजा — कबड्डी

अर्जुन पुरस्कार (जीवनपर्यंत): श्री आई अरुमैनायगम फुटबॉल

द्रोणाचार्य पुरस्कार: परवीर सिंह, छोटे लाल यादव, नेहा चव्हाण

द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत): धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार।

तेजस्विन ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीता

शतरंज खिलाड़ी 19 वर्षीय देशमुख विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। विदित गुजराती 2024 शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। एशियाई खेल 2023 में डेकाथलॉन में ऐतिहासिक रजत पदक और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल करने वाले तेजस्विन शंकर ने घुटने की समस्या से जूझने के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों में एक कांस्य पदक जीता।

खबर संक्षेप

इमरान खान को 2 दिन में अस्पताल भेजने का आदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अस्पताल भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इमरान को 48 घंटे में शिफा इंटरनेशनल अस्पताल ट्रांसफर किया जाए। उनकी सेहत की जांच और इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड भी बनाया जाएगा। कोर्ट ने इमरान की बहनों से मुलाकात को लेकर भी सवाल उठाया। *एजेंसी*

देश में बनेंगे फाइटर जेट-टैंक और मिसाइल सिस्टम के उपकरण

नई दिल्ली। सरकार हथियारों-मिसाइलों और टैंक के ज्यादातर पार्ट्स भारत में ही बनाना चाहती है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 405 स्ट्रैटेजिक आइटम्स की छठी लिस्ट जारी की। इनमें अलग-अलग मशीनों के हिस्से, स्पेयर पार्ट्स, कंपोनेंट, सब-सिस्टम और रॉ मटेरियल शामिल हैं। हेलिकॉप्टर और लड़ाकू विमान से जुड़े सामान, टैंक और बख्तरबंद गाड़ियों के सामान, रडार, सोनार और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और टैंक रोधी गोला-बारूद भी शामिल हैं। अगर ये सामान देश की कंपनियां ही बनाती हैं तो कुल 3,070 करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। इसका मकसद डिफेंस सेक्टर में आयात घटाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय के तहत जारी लिस्ट में हर प्रोडक्ट के भारतीयकरण के लिए तय समय दिया गया है। इस काम में उद्योग, खासकर एमएसएमई की भागीदारी होगी। मंत्रालय ने कहा कि इससे आयात पर निर्भरता घटाने में भी मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इससे भारतीय उद्योगों के पास अवसर बढ़ेंगे। घरेलू प्रोडक्शन सिस्टम मजबूत होगा।

पीएम केयर्स फंड में घरेलू डोनेशन 30 फीसदी घटा

नई दिल्ली। 2025 में पीएम केयर्स फंड में घरेलू दान 30% घटकर करीब 479 करोड़ रुपये रहा। विदेशी दान में भी कमी आई। यह 18% घटकर 92.8 लाख रुपये रह गया है। 2023 में घरेलू दान 681 करोड़ और विदेशी दान 1.13 करोड़ रुपये था। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में फंड में टोटल रकम 7,173 करोड़ रुपये थी। 2025 में यह 8,452 करोड़ रुपये हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में कोविड महामारी फैलने के बाद पीएम केयर्स फंड बनाया था। प्रधानमंत्री ही इस फंड के अध्यक्ष होते हैं। इस फंड में पूरी राशि दान के रूप में आती है और इसे सरकार के बजट से कोई पैसा नहीं मिलता। *(विस्तृत पेज 8 पर)*

दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा

गैरकानूनी था सीजेपी का संसद मार्च

नहीं ली परमिशन हिस्ट्रीशीटर शामिल हुए, बैरिकेड तोड़े

झड़प के दौरान 240 से ज्यादा पुलिसकर्मी हुए थे घायल

सुप्रीम कोर्ट इस मामले में हाई लेवल कमेटी बनाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 20 जुलाई का संसद मार्च गैरकानूनी था। इसकी परमिशन नहीं थी। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में कई हिस्ट्रीशीटर भी आ गए थे। पुलिस ने बताया कि संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े और पुलिस से मारपीट की, जिससे प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं रहा। हालात संभालने के लिए बल प्रयोग किया गया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग नहीं किया गया। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन शर्मा ने हलफनामा दाखिल कर ये जानकारी दी। इसे पुलिस ज्यादती की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाओं के जवाब के तौर पर पेश किया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में हाई लेवल कमेटी बनाएगा।

30 हजार प्रदर्शनकारी, 5 हजार पुलिसकर्मी थे तैनात

20 जुलाई को जंतर-मंतर के आसपास 30 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी मौजूद थे। करीब 3 किलोमीटर के इलाके में फैली इस भीड़ को संभालने के लिए लगभग 5 हजार पुलिसकर्मी तैनात थे। झड़प में 240 से ज्यादा पुलिसकर्मी और करीब 200 प्रदर्शनकारी घायल हुए।

कील वाली लाठियों के आरोप गलत

कील वाली लाठियों के आरोप पर पुलिस ने कहा कि याचिकाओं में चुनिंदा फोटो, अधूरे वीडियो और अपुष्ट मीडिया रिपोर्ट्स का इस्तेमाल किया गया। इनमें पुलिस की कार्रवाई का पूरा संदर्भ नहीं दिखता। वीडियो में ऐसी लाठी की सिर्फ एक घटना दिखती है। वह लाठी एक प्रदर्शनकारी के हाथ में थी।

पुलिस से मारपीट की गई

प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े, पुलिसकर्मियों से मारपीट की और उनका सुरक्षा सामान खींचा। इसके बाद हिंसा रोकने के लिए कानूनी तरीके अपनाए गए। बल प्रयोग जरूरी हो गया था। भीड़ नियंत्रित करने के लिए लाठियां मान्य उपकरण हैं।

सिविल ड्रेस में थे जवान

स्पेशल ब्रांच, स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस के जवान सादे कपड़ों में भीड़ के बीच मौजूद थे। यह सामान्य सुरक्षा रणनीति है।

सीबीआई के पूर्व निदेशक होंगे समिति में शामिल

शीर्ष अदालत ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की पीठ बुधवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी करेगी। सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक और किसी राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सदस्य बनाया जाएगा।

भारी बारिश से पंचकूला में बहा पुलिस ट्रेनिंग कैंप का पुल

बरसाती नाले में डूबे दो युवक, एक का रेस्क्यू

पंचकूला। पंचकूला में मंगलवार दोपहर से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते घग्गर नदी सहित बरसाती नदियों और नालों में जलस्तर बढ़ गया है। नाडा साहिब गुरुद्वारा के पास पुलिस ट्रेनिंग कैंप का एक पुल बह गया।

घग्गर नदी का जलस्तर बढ़ा, चंडीगढ़ में सड़क धंसी

इसके अलावा राजीव कॉलोनी, सेक्टर-17 में बरसाती नाले में दो युवक बह गए। इनमें से एक युवक को मौके पर पहुंची एनडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर लिया, जबकि दूसरे युवक राजेश कुमार का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बरसाती नाले का पानी कॉलोनी में घुसने से रोकने और बहाव कम करने के लिए लोगों ने मिट्टी के बैग लगा दिए है। वहीं, अलीपुर-खटोली पुल भी टूट गया। इसे देखते हुए पंचकूला पुलिस ने दोनों तरफ से ट्रैफिक बंद कर दिया है। वाहन चालकों से वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 और 20 अगस्त को बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आ सकती है। राज्य के ज्यादातर इलाकों में हल्की से मध्यम या छिटपुट बारिश ही देखने को मिलेगी। 21 अगस्त से राज्य में मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ेगा।

अलीपुर-खटोली पुल टूटा दोनों तरफ से मार्ग बंद

बारिश और नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण पंचकूला जिले में अलीपुर से खटोली को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त होकर टूट गया है। स्थिति को देखते हुए पंचकूला पुलिस पुल की ओर जाने वाले मार्ग को दोनों तरफ से बैरिकेडिंग कर पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के आसपास किसी भी व्यक्ति अथवा वाहन की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

राम मंदिर चढावा चोरी मामला

एसआईटी रिपोर्ट में चंपत व अनिल मिश्रा के नाम नहीं

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए यूपी सरकार की बनाई एसआईटी ने सोमवार रात फाइनल रिपोर्ट सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा का नाम नहीं है। बाकी 8 आरोपी पहले ही जेल में हैं। यूपी के गृह विभाग ने रिपोर्ट राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास को सौंपी है। इसे राम मंदिर ट्रस्ट की 2 सितंबर को होने वाली बैठक में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने ही उत्तर प्रदेश सरकार से चढ़ावा चोरी की एसआईटी जांच का अनुरोध किया था। यूपी सरकार ने 13 जून को लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में 3 सदस्यों की एसआईटी बनाई थी। आईजी रेंज किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार इसके सदस्य थे।

- बाकी 8 आरोपी पहले ही जेल में
- एसआईटी ने फाइनल जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी

राज्य स्तरीय मीटिंग में फैसला

प्रदेश में तीन दिन और बढ़ी सफाई कर्मियों की हड़ताल

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा में सफाई व्यवस्था को लेकर संकट गहराता जा रहा है। लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे सफाई कर्मचारियों ने सरकार की मुश्किलें और बढ़ाते हुए हड़ताल को तीन दिन और जारी रखने का फैसला किया है। नगर पालिका कर्मचारी संघ की राज्य स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रदेशाध्यक्ष नरेश शास्त्री ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों पर सरकार की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदेशभर में सफाई कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके चलते कई शहरों और कस्बों में सड़कों पर कूड़े के ढेर बढ़ते जा रहे हैं। इससे आम लोगों को परेशानी के साथ-साथ बीमारी फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। नरेश शास्त्री ने बताया तीन दिन बाद राज्य कमेटी के नेताओं के साथ मीटिंग कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

- सरकार ने मांगें न मानी तो आंदोलन होगा तेज
- शहरों में सड़कों पर बढ़ते जा रहे कूड़े के ढेर

रंजिश के चलते नूंह में भाई के हत्यारे को गोलियों से भूना

फेसबुक पर लिखा, मैंने बदला ले लिया

नूंह (हरिभूमि न्यूज)। जिले के पुन्हाना उपमंडल के अंतर्गत थाना सदर क्षेत्र के गांव लहरवाड़ी में सोमवार शाम पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही एक पक्ष ने विरोधी पक्ष पर हमला कर 28 वर्षीय अजहरुद्दीन की गोली मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय परिवार के चार-पांच बच्चे गांव में खेल रहे थे। इसी दौरान 10 -15 युवक हथियारों से लैस होकर आए और अजहरुद्दीन को गोली मार दी। हमलावरों ने बच्चों पर भी लाठी-डंडों से हमला किया, जो भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। यह हत्या 2018 की पुरानी रंजिश से जुड़ी बताई जा रही है। 3 अगस्त 2018 को गांव में ही वसीम नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय अजहरुद्दीन को उस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया था और पुलिस ने 13 नामजद लोगों सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सूत्रों के अनुसार जिस युवक ने अजहरुद्दीन की हत्या की है, वह 2018 में वसीम की हत्या के समय नाबालिग था और उसके मन में बदले की भावना थी। हत्या के बाद उसने फेसबुक पर स्टोरी लगाकर लिखा कि भाई की हत्या का बदला ले लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक अजहरुद्दीन वसीम की हत्या के जुर्म में गया था जेल

10 से 15 युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

संगठन में और बढ़ा कद

हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया को पंजाब की भी जिम्मेदारी

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी ने सतीश पूनिया को हरियाणा के बाद अब पंजाब का भी प्रभार सौंपा है। एक दिन पहले ही उन्हें भाजपा की नई टीम में शामिल किया गया है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में सतीश पूनिया को राष्ट्रीय महामंत्री पद मिला है। इससे पहले हाल ही में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा सांसद बनाया है। वर्तमान में पूनिया भाजपा संगठन के बड़े नेता के तौर पर उभर रहे हैं।

कैप्टन अभिमन्यु ने दी बधाई

राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सतीश पूनिया को पंजाब का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आपके अनुभव, संगठन कौशल और समर्पित नेतृत्व से भाजपा का संगठन और अधिक मजबूत और प्रभावशाली बनेगा तथा राष्ट्र सेवा के संकल्प को नई गति मिलेगी।

बेंगलुरु में ट्रेनिंग के दौरान दादरी के जवान की मौत

प्रशिक्षण के दौरान अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम

चरखी दादरी (हरिभूमि न्यूज)। जिले के गांव कासनी निवासी भारतीय सेना के जवान रवि प्रकाश (32) की बेंगलुरु में ट्रेनिंग के दौरान मौत हो गई। मंगलवार सुबह ग्राउंड प्रैक्टिस के दौरान फिजिकल एक्टिविटी करते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथी जवानों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पीटी के दौरान हार्ट फेल होने से उनका निधन हुआ है। बुधवार को पार्थिव शरीर कासनी पहुंचने की संभावना है। बता दें कि रवि प्रकाश वर्ष 2015 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती राष्ट्रीय राइफल की 54 बटालियन में कश्मीर में थी। करीब दो माह पहले वह ड्यूटी के लिए घर से रवाना हुए थे। इसके बाद वह बेंगलुरु में प्रमोशन कोर्स कर रहे थे। रविप्रकाश के परिवार में पत्नी सुनीता, आठ वर्षीय बेटा देव, पिता श्रीकृष्ण सांगवान और मां नीलम हैं। पत्नी गृहिणी हैं, जबकि पिता खेतीबाड़ी करते हैं। रवि प्रकाश के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक जताया है।

फांसी सिस्टम खत्म करने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मौत की सजा देने के लिए फांसी की मौजूदा व्यवस्था खत्म करने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई आधार नहीं है, जिसके कारण फांसी को असंवैधानिक घोषित किया जाए। याचिका में फांसी को क्रूर, अमानवीय और दर्दनाक बताया गया था। इसकी जगह जहरीले इंजेक्शन, गोली मारने जैसे चार वैकल्पिक तरीकों से मौत की सजा देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिका खारिज करने का मतलब यह नहीं है कि भविष्य में संवैधानिक समीक्षा का रास्ता बंद हो गया है।

रिसर्च फर्म जेपी मॉर्गन का अलर्ट, सरकार पर बढ़ेगा 3 लाख करोड़ की सब्सिडी का बोझ

भारत में 2027 तक खाना-पीना हो सकता है महंगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2027 तक भारत में खाने-पीने की चीजों के दाम काफी बढ़ सकते हैं। यह अलर्ट मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म जेपी मॉर्गन ने जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार पर 3 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा। फर्म ने दावा किया है कि महंगाई का असर पूरी दुनिया पर होगा। फर्टिलाइजर की कमी, जियोपॉलिटिकल तनाव के साथ एक अल नीनो तूफान के आने से यह संकट गहराएगा। साल 2027 की पहली छिमाही में ग्लोबल स्तर पर खाने-पीने की चीजों के दाम 5% तक बढ़ सकते हैं। 2026 की पहली छिमाही में यह आंकड़ा 2.8% पर था। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए अधिक मायने रखती है, क्योंकि देश में पहले से ही फर्टिलाइजर काफी महंगी है।

मिडिल ईस्ट का रोल

दुनिया का 42% यूरिया और 27% अमोनिया (खाद बनाने का केमिकल) मिडिल ईस्ट यानी अरब देशों से आता है। अगर वहां युद्ध या तनाव के कारण सप्लाई रुकी, तो पूरी दुनिया में खाद की किल्लत हो जाएगी और दाम आसमान छूने लगेंगे

गैस की कीमतें

यूरिया जैसी खाद बनाने में नेचुरल गैस का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। अगर गैस महंगी हुई, तो खाद बनाना भी महंगा हो जाएगा। खाद महंगी होने पर किसान इसका कम इस्तेमाल करेंगे, जिससे फसलों की पैदावार घट जाएगी।

अगर एक बार खाद के कारखाने या गैस प्लांट इस संकट की वजह से बंद या प्रभावित हुए, तो उन्हें दोबारा पूरी तरह ठीक होने में 1 से 5 साल तक का लंबा समय लग सकता है।

चीनी की कीमतों में 20% का उछाल

सरकार घरेलू सप्लाई बढ़ाने और चीनी की रिकॉर्ड कीमतों को काबू में करने के लिए कई उपायों पर विचार कर रहा है। त्योहारों के मुख्य सीजन से पहले चीनी की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। सूत्र ने बताया कि जिन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, उनमें स्टॉक रखने की सीमा कम करना, सीमित मात्रा में चीनी के इंपोर्ट की इजाजत देना, इंपोर्ट ड्यूटी घटाना और मिलों के लिए चीनी की मासिक बिक्री के आवंटन में बदलाव करना शामिल है। भारत के प्रमुख चीनी व्यापार केंद्रों में से एक महाराष्ट्र के कोल्हापुर में थोक चीनी की कीमतें अगस्त की शुरुआत से लगभग 20% बढ़कर रिकॉर्ड 5,350 रुपये प्रति 100 किलोग्राम तक पहुंच गई हैं।

हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों को मंजूरी

10 लाख एकड़ भूमि सुधार के लिए 25 हजार टन जिप्सम खरीदेगी सरकार

■ फतेहाबाद और पंचकूला में जिला जेल और सफीदों में बनेगा नर्सिंग कॉलेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश के किसानों की 10 लाख एकड़ भूमि को सुधारने के लिए लगभग 15.63 करोड़ रुपये की लागत से 25 हजार टन जिप्सम की खरीद की जाएगी, ताकि किसानों को पर्याप्त मात्रा में जिप्सम उपलब्ध हो सके। पानी से जेल तक और जिप्सम से अस्पताल तक, कई परियोजनाओं को मंजूरी मिली। मुख्यमंत्री नायब सैनी चंडीगढ़ में हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

चंडीगढ़। हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साथ में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

कैथल में बनेगा 21,680 एमटी क्षमता का गोदाम

हरियाणा भूमि सुधार निगम किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर जिप्सम उपलब्ध करवाता है। मुख्यमंत्री ने उच्च गुणवत्तायुक्त जिप्सम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कैथल के हैफेड कॉम्प्लेक्स में 9.80 करोड़ रुपये की लागत से 21,680 एमटी क्षमता का गोदाम और क्वालिटी कंट्रोल लैब बनाने को मंजूरी दी गई।

पानीपत में 75.50 करोड़ की पेयजल योजनाओं को मंजूरी

पानीपत के 9 गांवों में महाग्राम योजना के तहत 75.50 करोड़ रुपये की पेयजल योजनाओं को मंजूरी दी गई। गोहाना में 16.30 करोड़ से सीवरेज लाइन, पिंजौर-कालका सेक्टर-27 में 22.70 करोड़ से न्यायिक परिसर और अंबाला लघु सचिवालय के तृतीय चरण के लिए 34 करोड़ रुपये मंजूर किए गए।

सफीदों में 37.49 करोड़ रुपये से बनेगा राजकीय नर्सिंग कॉलेज

अंबाला कैंट में 52 करोड़ रुपये से बैंक स्क्वायर भवन फेज-1 और सफीदों में 37.49 करोड़ रुपये से राजकीय नर्सिंग कॉलेज बनाने को मंजूरी दी गई। निर्धारित अवधि से पहले काम पूरा करने पर प्रोत्साहन भी दिया जाएगा।

नारनौल अस्पताल को 200 बेड करने के लिए 26.30 करोड़

पंचकूला के गांव जलौली में 40 करोड़ और फतेहाबाद में 37 करोड़ रुपये से जिला जेल बनाने को मंजूरी दी गई। कुंडली-मानेसर मार्ग की 83 किमी सड़क की मरम्मत पर 65.66 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जुलाना में वाटर सप्लाई के लिए 21.17 करोड़, नारनौल अस्पताल को 200 बेड करने के लिए 26.30 करोड़ और यमुनानगर में 50 बेड के आयुष अस्पताल के लिए 16.89 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र-सहारनपुर स्टेट हाईवे के कार्य की मंजूरी प्रदान की। लगभग 10 मीटर चौड़ी सड़क पर 26.90 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

भारत-यूके व्यापार समझौते से हरियाणा के उद्योगों को नए अवसर

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत-यूनाइटेड किंगडम व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) हरियाणा के उद्योगों, एमएसएमई, किसानों, निर्यातकों और सेवा क्षेत्र के लिए वैश्विक बाजार के नए द्वार खोलेगा। 15 जुलाई, 2026 से लागू समझौते के तहत भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को यूके में शुल्क-मुक्त पहुंच मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, रत्न एवं आभूषण, रसायन, इंजीनियरिंग उत्पाद, ऑटो-पार्ट्स, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर पहले 4 से 70 प्रतिशत तक शुल्क लगता था। अब शून्य शुल्क से इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। पानीपत का टेक्सटाइल एवं होम फर्निशिंग, गुरुग्राम-मानेसर का ऑटोमोबाइल, फरीदाबाद का इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षेत्र इसका लाभ उठा सकता है। हरियाणा से यूके के लिए फास्टनर्स की पहली निर्यात खेप भी रवाना हुई। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात के साथ गुरुग्राम के आईटी और सेवा क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा।

टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, ऑटो-पार्ट्स समेत कई उत्पादों पर अब शून्य शुल्क लगेगा

बेटी के बच्चों को भी प्रॉपर्टी ट्रांसफर पर स्टांप ड्यूटी में छूट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने स्पष्ट किया है कि परिवार के भीतर अचल संपत्ति के जीवनकाल में ट्रांसफर पर मिलने वाली 100 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी छूट में बेटी के बच्चे भी शामिल हैं।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि 2014 के हिंदी नोटिफिकेशन में भाषा संबंधी अस्पष्टता को दूर कर दी गई है। 24 जुलाई 2026 को जारी सुधार को 13 अगस्त को राजपत्र में प्रकाशित किया गया।संशोधन के तहत 'पौत्र-पौत्री' शब्द को बदलकर 'पौत्र-पौत्री, दौहता-दोहती/नाती-नातिन' किया गया है। इससे बेटी के बच्चों को भी बेटे के बच्चों के समान स्टांप ड्यूटी छूट का स्पष्ट लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रॉपर्टी ट्रांसफर में अनावश्यक विवाद और देरी दूर होगी।

22 अगस्त को शिक्षक चयन परीक्षा, 21,096 अभ्यर्थी होंगे शामिल

चंडीगढ़। मॉडल संस्कृति, पीएम श्री व मुख्यमंत्री उत्कृष्टता स्कूलों में शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों के चयन की लिखित परीक्षा के एडमिट कार्ड 18 अगस्त से बोर्ड की वेबसाइट पर लाइव हैं। परीक्षा 22 अगस्त को दोपहर 2 से 3:30 बजे तक 69 केंद्रों पर होगी। परीक्षा में 21,096 अभ्यर्थी शामिल होंगे। एडमिट कार्ड **Employee ID** व मोबाइल नंबर से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

चार साल से खाली नवसृजित पद माने जाएंगे समाप्त

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य विश्वविद्यालयों में लंबे समय से खाली पड़े नवसृजित पदों के बेहतर उपयोग को लेकर नई व्यवस्था लागू की है। वित्त विभाग के 17 अगस्त 2026 के आदेश के अनुसार, मंजूरी की तारीख से चार वर्ष तक रिक्त रहने वाले नवसृजित पद समाप्त माने जा सकते हैं। चार वर्ष से अधिक समय से खाली किसी पद को भरना जरूरी होने पर संबंधित प्रशासनिक विभाग को मामला वित्त विभाग के समक्ष भेजना होगा। यह निर्णय 6 फरवरी 2023 को जारी निर्देशों की समीक्षा के बाद लिया गया है। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया कि पुराने निर्देशों की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुजाना ग्राम पंचायत की दो दुकानों को पट्टे पर छोड़ने हेतू दिनांक 22.08.2026 को प्रातः 11:30 बजे धानक चौपाल में बोली लगाई जानी हैं। जिसके लिए नियम व शर्तें बोली से पूर्व मौके पर बता दी जाएगीं।

हस्ता/-मंजू, सरपंच
ग्राम पंचायत दुजाना।

पीआरडीएच-1028/11/245/2027/48343/88/6 दि. 18.08.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 407 दिनांक 17.07.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान
नाम- काजल ।
पिता का नाम- राजू ।
पता-वासी गाँव नाहरी जिला सोनीपत ।
उम्र -19 वर्ष ।
कद - 4 फुट 1 इंच ।
हुलिया:- रंग गोरा, हष्ट पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, लम्बे बाल, काली आँखे ।
पहनावा गुलाबी रंग की शर्ट, नीली रंग जीन्स व पैरों मे फेंशी चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 13.07.2026 को काजल पुत्री राजू वासी गाँव नाहरी जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गयी हैं अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. न.-7419410537
अनुसंधानकर्ता मो. न. - 7098190000
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5205/2027/48354/88/6 दि. 18.08.26

नशे पर शिकंजा, 7 माह में 4,967 गिरफ्तार

■ जनवरी-जुलाई में 2,853 एफआईआर, पिछले साल से 32 फीसदी अधिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण रोडमैप 2026-2029 के अनुरूप हरियाणा ने नशे के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय एनसीओआरडी की बैठक में संगठित ड्रग नेटवर्क, वित्तीय तंत्र और प्रभावी अभियोजन पर चर्चा हुई।जनवरी-जुलाई 2026 के दौरान एनडीपीएस मामलों में 2,853 एफआईआर दर्ज की गईं और 4,967 आरोपी गिरफ्तार हुए। पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,161 एफआईआर और 4,254 गिरफ्तारियां हुई थीं। एनडीपीएस एक्ट के तहत अटैच की गई संपत्तियों की संख्या भी 26 से बढ़कर 111 हो गई।बैठक में बताया गया कि हेरोइन की 58.583 किलोग्राम और अफीम की 314.553 किलोग्राम बरामदगी हुई। राज्य ने 2026 में अपराध से अर्जित 30 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच करने का लक्ष्य रखा है।

शिक्षा मंत्री ने पानीपत में स्कूल का किया औचक निरीक्षण

चंडीगढ़। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने मंगलवार को पानीपत के निजामपुर गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने के निर्देश दिए। मंत्री ने शिक्षकों के साथ बैठक कर शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ने तथा जीवन में ऊंचे लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया।ढांडा ने स्कूल प्रशासन को पेयजल, बैठने, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की सुविधाओं या शिक्षा में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रोडवेज यात्रियों को राहत, जल्द मोबाइल एप होगी लॉन्च : विज

■ 700 कंडक्टरों की होगी भर्ती, 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगा विभाग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए अगले एक माह में हरियाणा रोडवेज का मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा करीब 700 नए कंडक्टरों की भर्ती होगी और 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। विज ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ऐप में बसों की लाइव लोकेशन, किराए की जानकारी और निर्धारित समय पर बस के पहुंचने की सूचना मिलेगी। ऐप हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषाओं में एंड्रायड व आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। यात्रियों के लिए डिजिटल क्यूआर कोड/कार्ड की सुविधा भी दी जाएगी। विज ने सभी बस अड्डों पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाने और रोडवेज की सभी बसों में जीपीएस लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बस अड्डों पर स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा अवैध विक्रेताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD NO.13 दिनांक 29.06.2026 धारा 194 बी.एन.एस एस. थाना मोहाना जिला सोनीपत ।

वाश की पहचान
नाम-नामपता नामालूम।
पिता का नाम-नामालूम।
पता-नामालूम।
उम्र-28/30 वर्ष करीब ।
कद-5 फुट 6 ईन्च ।
हलिया- काले बाल, आखें बाहर निकली हुई, मुँह फूला हुआ, शरीर पर अन्य कोई चोट का निशान नहीं।
पहनावा-महरूम रंग की अंडर वियर पहने हुए।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 29.06.2026 को एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश गाँव पिनाना से गाँव दुधवा की तरफ जाते हुए माइनर में पानी में तैरती मिली है। नाश की शिनाख्त नही हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. न.-7419410543
अनुसंधान कर्ता मो. न.- 9466446655
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5198/2027/48313/88/6 दि. 18.08.26

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1473

मनकि राजसिहं पुत्र रूपचन्द पुत्र सिंघराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुनीमपुर कुकडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023-24, के अनुसार खेवट न0 732/609, खाता न0 754, मु0 न0 26, किला न0 21/2/3(0-12), 22(7-8) किते 2. तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला का 1/2 भाग, बकदर 4 कनाल 0 मरला (0.5 एकड़) वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 26, किला न0 21/2/3 मिन दक्षिण (0-6), 22 मिन दक्षिण (3-14) किते 2, तादादी रकबा 4 कनाल 0 मरला (0.5 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1474

मनकि जसबीर सिहं पुत्र धर्मपाल पुत्र रूपचन्द, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुनीमपुर कुकडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इंतकाल न0 3744 त0म0, के अनुसार खेवट न0 733/610, खाता न0 755, मु0 न0 26, किला न0 21/2/2(3-18), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 18 मरले (0.4875 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 3 कनाल 18 मरले (0.4875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल एक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 18.08.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 हरियाणा में कराने की मांग

चंडीगढ़। कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग की कि 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स हरियाणा में कराए जाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने खेलों में देश को बड़ी संख्या में पदक दिए हैं, इसलिए प्रदेश को मेजबानी का अवसर मिलना चाहिए। दीपेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हरियाणा के हितों की अनदेखी कर रही है और बड़े आयोजन गुजरात ले जाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार को पत्र लिखकर हरियाणा में कॉमनवेल्थ गेम्स कराने की मांग करें, कांग्रेस सांसद उस पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे।सांसद वरुण चौधरी ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार प्रदेश के प्रतीक चिन्ह के बीच भाजपा के चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने इसे प्रदेश के सम्मान से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया।

जींद में कांग्रेस का संगठनात्मक मंथन, महंगाई पर सरकार को घेरा

जींद। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जींद में पांच विधानसभा क्षेत्रों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक संवाद हुआ। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दे उठाने पर चर्चा की गई। राव नरेंद्र सिंह ने महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चीनी के दाम 48 से बढ़कर 62-65 रुपये किलो और गुड़ के दाम 60 से बढ़कर 100 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। बादाम भी करीब 900 से बढ़कर 1100 रुपये किलो हो गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों से आम परिवारों का बजट बिगड़ रहा है।उन्होंने सरकार से कीमतों पर नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाने और जमाखोरी व कालाबाजारी की जांच कराने की मांग की। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं से 19 अगस्त को पंचकूला सेक्टर-6 में होने वाले एचकेआरएन कर्मचारियों के धरने में शामिल होने का आह्वान किया।

भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई 400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : एससीओ नं. 121, सेक्टर-17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर	सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	राज कुमार (कर्जदार), कृष्ण लाल (सह-कर्जदार) राज पति (सह-कर्जदार), रेखा (सह-कर्जदार), NHYGR00001275153.	सम्पत्ति आईडी : 269C390U175, प्लॉट नं. 182 और मकान नं. 103, वार्ड नं. 20, राम नगर, यमुनानगर-135001./कब्जे की तिथि : 30.07.2026	16-02-2023 रु. 5,77,201/-	यमुनानगर
2.	राज कुमार (कर्जदार), कृष्ण लाल (सह-कर्जदार) राज पति (सह-कर्जदार), रेखा (सह-कर्जदार), NHYGR00001275152.	सम्पत्ति आईडी : 269C390U175, प्लॉट नं. 182 और मकान नं. 103, वार्ड नं. 20, राम नगर, यमुनानगर-135001./कब्जे की तिथि : 30.07.2026	16-02-2023 रु. 16,30,023/-	यमुनानगर

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 19 अगस्त 2026, स्थान : यमुनानगर — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

Election programme for the Election of the Managing Committee of The Bhiwani Central Coop. Consumer Store Ltd. Bhiwani to be held on 20/09/2026.

Sr. No.	Programme	Date	Time	Place
1.	Filling of nomination papers	31/08/2026	10.00 AM to 02.00 PM	Office of the Assistant Registrar Cooperative Societies Bhiwani
2.	Scrutiny of Nomination papers	02/09/2026	10.00 AM to 02.00 PM	---------- do ----------
3.	Display of list of Valid nomination papers	02/09/2026	03.00 PM	---------- do ----------
4.	Withdrawal of nomination papers	11/09/2026	10.00 AM to 02.00 PM	---------- do ----------
5.	Allocation of Symbols	11/09/2026	03.00 PM	---------- do ----------
6.	Display of the list of Contesting Candidates.	11/09/2026	04.00 PM	---------- do ----------
7.	Taking of Poll if necessary	20/09/2026	08.00 AM to 04.00 PM	All the following Place

Sr. No.	Zone No.	Place of Polling
1.	1. Members	O/o The Bhiwani Central Coop Consumer Store Ltd.
2.	2. Members	O/o The Bhiwani Central Coop Consumer Store Ltd.
3.	3. Reserved for Women	O/o Deputy Registrar Cooperative Societies, Bhiwani .
4.	4. Members	O/o Deputy Registrar Cooperative Societies, Bhiwani .
5.	5. Reserved for Women	O/o Deputy Registrar Cooperative Societies, Bhiwani .
6.	6.Societies Reserved for SC	Godown , The Bhiwani Central Coop Consumer Store Ltd.

(Krishan Chander)
Returning Officer Cum Assistant Registrar, Cooperative Societies, Bhiwani

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प अम्बाला	अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में अम्बाला डिपो में नई कर्मशाला पर निर्माण।	05.08.2026 25.08.2026	1487.27 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प कैथल	3 अदद रोड की विशेष मरम्मत 1) चंदलाना पगवाना रोड (आईडी 6848)(ओडीआर) की विशेष मरम्मत, (2) हाबरी-सिरसाल रोड से सिरसाल डीग रोड वाया डेरा नासोरिया सागो बागो (आईडी 12057) (3) कैथल जिला (आईडी 6853) (पुण्डरी निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2026-27) में खेड़ी सकरा से कौल वाया धेराडु को चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सड़कों का अपग्रेडेशन + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 27.08.2026	2068.53 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM
3	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल	एमआईटीसी कॉलोनी, आहिल्या बाई मार्ग, करनाल में क्वार्टर नं. 13 की मरम्मत और रखरखाव + 3 कार्य।	13.08.2026 20.08.2026	15.76 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0184-2255291 knldivn335@gmail.com
4	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला	एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मण्डल चरखी दादरी के लिए हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य।	18.08.2026 31.08.2026	74.26 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1722582542 xenproc@gmail.com
5	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी	एलडब्ल्यूएस (एम) उपमण्डल सं. 1, चरखी दादरी के अधिकार-क्षेत्र के तहत लोहारू कैनाल के पीएच 2 पर सीआई कपलिंग पुल्ली और पीएच 3 एलसी पर 325 एचपी एटीएस स्टार्टर के लिए सामग्री/जॉब की आवश्यकता और 4 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 25.08.2026	4.89 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01250-220058 xenlwmech@gmail.com
6	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद	पुराना मोचीवाला माइनर आरडी 0 से 21170 की जंगल सफाई और आंतरिक सफाई + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 20.08.2026	1.70 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com
7	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी	एलडब्ल्यूएस (एम) उपमण्डल सं. 2, चरखी दादरी के अधिकार-क्षेत्र के तहत विभिन्न मदों की आवश्यकता और 2 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 24.08.2026	3.85 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01250-220058 xenlwsmech@gmail.com
8	सिविल सर्जन फरीदाबाद	जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति फरीदाबाद के लिए पीएमएसएमए डाइट (गुड़ और चना) की आपूर्ति।	17.08.2026 31.08.2026	18 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9990443268 dhs.csfbd@hry.nic.in
9	सिविल सर्जन फरीदाबाद	आईपीपीआई के लिए मुद्रण सामग्री और अन्य गतिविधियों के लिए आईईसी सामग्री।	17.08.2026 31.08.2026	90 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9990443268 dhs.csfbd@hry.nic.in
10	सिविल सर्जन कैथल	ई-रिक्शा किराये पर लेने की सर्विस।	19.08.2026 02.09.2026	ईएमडी 20000	https://etenders.hry.nic.in	7988672699 drugstorektl@gmail.com
11	सिविल सर्जन जीन्द	विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों जिला जीन्द के लिए ड्रग्स मदों और मदों की खरीद।	14.08.2026 31.08.2026	ईएमडी 3 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7015444191 cds.jind@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/220/48335/I/88/6 दि. 18.08.26

खबर संक्षेप

थाने के शौचालय में कांस्टेबल की मौत, फरवरी में थी शादी

नूंह। झज्जर के गुढ़ा गांव के 26 वर्षीय कांस्टेबल अंकित की बिछोर थाने में ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गया। अंकित शौचालय गया था और वहीं अचेत होकर गिर गया। काफी देर तक अंकित शौचालय से बाहर नहीं आया तो वहां तैनात साथी जवानों को चिंता हुई। वे शौचालय में गए तो अंकित को अचेत पड़ा देख कर उनके होश उड़ गए। अंकित को बेसुध हालत में मांडीखेड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक तौर पर मौत की वजह हृदय गति रुकना मानी जा रही है। जानकारी अनुसार, अंकित करीब तीन साल पहले ही हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। उनके पिता की मौत हो चुकी है। उसकी मां अपने दूसरे बेटे के साथ झज्जर के गुढ़ा गांव में रह रही है। अंकित उसके नाना के घर गुरुग्राम जिले के शेरपुर हरियाणा में रह रहा था। अभी कुछ ही दिन पहले उनका तबादला बिछोर थाने में हुआ था। परिवार में इस बात की सबसे बड़ी खुशी थी कि आने वाली फरवरी 2027 में अंकित की शादी तय की जा चुकी थी। घर में शादी की तैयारियां भी शुरू हो गई थी।

चाइनीज मांझे के 10 बंडल पकड़े, दो काबू

फरीदाबाद। चाइनीज मांजे से रविवार को युवक का गला कटने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। स्थानीय पुलिस और सीएम फ्लाइंग की टीम ने पर्वतीय चौकी क्षेत्र में छापेमारी कर मांझे के कुल 10 बड़े बंडल बरामद किए। पुलिस ने मौके से इसको बेचने वाले 2 दुकानदारों को भी गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि भड़ाना चौक और केडी पब्लिक स्कूल के पास प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है। जांच के दौरान नगला रोड स्थित केडी पब्लिक स्कूल के पास योगेश की दुकान से एक पेटी में रखे चाइनीज मांझे के चार बड़े बंडल बरामद किए गए। भड़ाना चौक निवासी अंकित की दुकान की भी जांच की। यहां से छह बड़े बंडल चाइनीज मांझे के बरामद हुए।

दृष्टिहीन अकाउंटेंट से रेप,1.5 लाख भी निकाले

गुरुग्राम। पटौदी में एक सरकारी विभाग में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत एक दिव्यांग (ब्लाइंड) युवती के साथ दोस्ती का झांसा देकर न केवल बार-बार रेप किया गया, बल्कि धोखे से उसके बैंक खाते से 1.5 लाख भी निकाल लिए गए। आरोपी ने पीड़िता को पैसे वापस लौटाने के बहाने दोबारा बुलाकर फिर से अपनी हवस का शिकार बनाया। इतना ही नहीं आरोपी ने घर पर बताने और पैसे मांगने पर युवती का नाम लिखकर सुसाइड करने की भी धमकी दी। पीड़िता ने पटौदी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले दिल्ली से आते समय एक युवक ने उसे अपनी गाड़ी में लिफ्ट दी थी। इसी बहाने उससे दोस्ती बढ़ा ली।

सूदखोरों से परेशान होकर युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर सुसाइड की कोशिश की

30 लाख का कर्ज बनाया 1.50 करोड़, बैंककर्मी ने गटका जहर

कई बार पंचायत होने के बावजूद नहीं माने फाइनेंसर, पीड़ितों को जमीन भी बेचनी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलवल

सूदखोरों की प्रताड़ना से परेशान होकर 32 वर्षीय बैंक कर्मी ने जहरीला पदार्थ पी लिया। करीब 30 लाख रुपये का लोन कर्मचारी के पिता ने लिया था, जिसे सूदखोर करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बना चुके थे। कर्ज चुकाने के लिए युवक ने अपनी एक एकड़ जमीन भी बेच दी थी। इसके बावजूद पंचायत में समझौता सिरे न चढ़ने के कारण युवक ने वीडियो बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया और जहर पी लिया। वीडियो देखकर मां को इसका पता चला तो उन्होंने शोर मचा दिया। इसके बाद परिवार ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवक की करीब तीन माह पहले ही शादी हुई थी।

वीडियो में पीड़ित युवक बोला-मैं जीना चाहता हूं, लेकिन सूदखोरों ने कोई रास्ता नहीं छोड़ा

राम-राम जी। भैया, आज मैं अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहा हूं। जीना तो सब चाहते हैं, लेकिन मैं इतना परेशान हो चुका हूं कि अब मेरा जीने का कोई अधिकार नहीं बचा, और न ही जीने का कोई मन बचा है। मेरी शादी को अभी सिर्फ 3 महीने ही हुए हैं। शीशराम और ईश्वर से ब्याज पर पैसे लेने का मामला चल रहा था। मेरे पापा ने उनसे लगभग 30-35 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। उस पैसे का ब्याज भी हमने उन्हें दिया। मगर, ये साहूकार और दबंग लोग उस पर चक्रवृद्धि ब्याज लगाते रहे। 6-7 बार पूरे गांव की पंचायत हुई। 42 गांवों की पालों की पंचायत भी बैठी। इन साहूकारों ने पंचायत में हां तो भर दी, लेकिन बाद में अपनी बात से मुकर गए। पहले गांव की पंचायत ने 1 करोड़ 2 लाख रुपये तय किए थे, फिर भी इन्होंने बात नहीं मानी। इसके बाद दोबारा पंचायत बैठी। उस पंचायत में रकम 1 करोड़ 10 लाख रुपये तय हुई। पैसे जुटाने के चक्कर में हमारे पास जो आखिरी एक एकड़ जमीन बची थी, वो भी मैंने बेच दी। अपने दो भाइयों के पेट पर लात मार दी। लेकिन जब हम पंचायत में तय किए गए पैसे देने पहुंचे तो ये साहूकार फिर से पलट गए। वे 4 महीने का और ब्याज मांगने लगे और रकम में 10 लाख रुपये और बढ़ा दिए। मैं इतना परेशान हो गया हूं कि अब अपने भाइयों को मुंह दिखाने के लायक भी नहीं बचा। आज मैं अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहा हूं। अगर मेरी यह वीडियो प्रशासन तक पहुंचती है, तो मेरे परिवार को न्याय जरूर दिलाना। मेरी इस मौत के जिम्मेदार शीशराम का बेटा प्रेमराज, सोनू, ईश्वर का बड़ा लड़का हेमराज और उसका परिवार और सतवीर का बेटा महेश और उसका परिवार है।

पिता ने लिया था कर्ज, सूदखोरों से परेशान हो ब्रेम हेमरेज से हुई थी मौत

पलवल जिले के चांदहट थाना क्षेत्र के गांव चिरवाड़ी के बलजीत ने बताया कि उसका बड़ा भाई हरेन्द्र बैंक के कलेक्शन विभाग में काम करता है। उनके पिता गोविंद राम ने करीब सात साल पहले गांव के कुछ लोगों से लगभग 30 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। इसके बदले उन्होंने अपनी दो एकड़ जमीन गिरवी रखी थी। बलजीत के अनुसार, शुरुआत में वे समय पर ब्याज चुका रहे थे, लेकिन बाद में इन लोगों चक्रवृद्धि ब्याज लगाना शुरू कर दिया। कर्ज के दबाव के चलते उनके पिता की तबीयत खराब रहने लगी और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया। दिसंबर 2025 में उनकी मौत हो गई। इसके बाद घर की जिम्मेदारी हरेन्द्र ने संभाली। अप्रैल 2026 में परिवार ने ब्याज सहित पूरा हिसाब चुकाने का फैसला किया, लेकिन कई पंचायत होने पर भी सूदखोर नहीं माने। बलजीत ने बताया कि सोमवार शाम उसके भाई ने परेशान होकर जहर पी लिया।

कैथल और महेंद्रगढ़ जिलों में पुलिस ने बदमाशों का किया एनकाउंटर

पुलिस की पिस्तौल छीन हिरासत से भागा जवाबी फायरिंग में पैर में गोली मार पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सरकारी अस्पताल में दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित आरोपी को उत्तरप्रदेश के शामली क्षेत्र से गिरफ्तार कर कैथल लाया जा रहा था। इसी दौरान मंडवाल माइनर, असंध रोड राजौंद के पास आरोपी ने पुलिस कर्मचारी का सरकारी पिस्टल छीनकर हिरासत से फरार होने का प्रयास किया तथा पीछा कर रही पुलिस टीम पर पिस्टल से फायर कर दिया।

पुलिस द्वारा आरोपी को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई, लेकिन आरोपी ने पेड़ों की आड़ से पुलिस टीम पर लगातार फायरिंग की। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी और उसे काबू कर लिया गया।

- कैथल सरकारी अस्पताल में दो युवकों को मारे थे चाकू, यूपी से पकड़कर ला रही थी पुलिस
- आरोपी गोविन्द पर लूट व स्नेचिंग आदि के 6 मामले हैं पहले से दर्ज

कैथल। घायल आरोपी को अस्पताल लेकर आती पुलिस टीम।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि रविवार को सरकारी अस्पताल कैथल में क्योड़क निवासी कुलदीप व अभिषेक पर क्योड़क निवासी गोविन्द तथा ग्योंग निवासी गोकन ने चाकुओं से जानलेवा हमला किया तथा फरार हो गए थे। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार आरोपियों को काबू करने के लिए 6 पुलिस टीम लगाई गई थी।

नाके पर पुलिस रुकी तो भागा आरोपी

सीआईए-1 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह की टीम द्वारा मामले में आरोपी गोविन्द निवासी क्योड़क को सोमवार रात को गांव चौंतरा, जिला शामली, यूपी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम जब वापसी में रात 2:30 बजे मंडवाल माइनर के पास पहुंची तो वहां स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई तरसेम की टीम नाकाबंदी पर मौजूद थी। वहां दोनों टीमें बात कर रही थी। इसी दौरान सरकारी बोलेरो में पीछे बैठे आरोपी गोविन्द ने मौका पाकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी के गन होल्डर में लगी सरकारी पिस्टल झपटकर छीन ली और भागते हुए पुलिस पर फायरिंग की। एसआई जसवंत सिंह तथा एएसआई तरसेम कुमार द्वारा आत्मरक्षा में आरोपी को काबू करने के लिए नियंत्रित जवाबी फायर किया गया, जिसमें गोविन्द के बाएं पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

कई जिलों में वांछित

आरोपी के खिलाफ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने, पुलिस अभिरक्षा से भागने, पुलिस कर्मचारी से पिस्टल छीनने के आरोप तहत थाना राजौंद में मामला दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ कैथल, कुरुक्षेत्र, गन्नौर में पहले भी लूट, स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला करने के करीब 6 मामले दर्ज हैं।

मोस्टवांटेड बदमाश सोमवीर को पैर में गोली मारकर पकड़ा

महेंद्रगढ़। सदर कनीना थाना क्षेत्र के गांव भालखी की ढाणी के पास सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम और मोस्टवांटेड बदमाश सोमवीर निवासी बाघोत के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार बिना नंबर प्लेट की अपाचे पर सवार आरोपित को रुकने की चेतावनी दी गई, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। गोली पुलिस वाहन के साइड ग्लास पर लगी और दूसरी गोली सीआईए इंचार्ज पीएसआई उज्ज्वल के पास से होकर गुजरी। आत्मरक्षा में पुलिस ने दो फायर किए, जिसमें एक गोली आरोपित के पैर में लगी। पुलिस ने उसे काबू कर लिया। उसके कब्जे से देसी पिस्टल, दो खाली खोल और मोबाइल बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। घायल को कनीना से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

पानीपत में आरोपी गार्ड को किया बर्खास्त

अस्पताल में यौन शोषण का शिकार हुई मरीज की मौत

- रोहतक पीजीआई में मौत से पहले पीड़िता के बयान दर्ज नहीं हुए, मेडिकल भी अटका
- पति ने लगाया आरोप- छेड़खानी के बाद गहरे सदमें में जाने की वजह से गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में 57 वर्षीय अधेड़ महिला मरीज से गार्ड द्वारा सीटी स्कैन कक्ष में छेड़खानी के बाद मंगलवार सुबह पीड़िता ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना के बाद उसकी बीमार पत्नी को गहरा सदमा लगा था। बता दें कि महिला दिल, मधुमेह व टीबी की बीमारी से पीड़ित थी। छेड़खानी के बाद उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी, जिसके चलते पीजीआई रोहतक रेफर किया गया था। इधर, थाना सिटी पुलिस ने महिला की गंभीर हालत के चलते अभी तक बयान भी दर्ज नहीं किए थे और उनकी मेडिकल जांच भी नहीं हुई थी। मृत महिला के पति का कहना है कि यौन शोषण की घटना के बाद उसकी बीमार पत्नी को गहरा सदमा लगा था।

सिविल अस्पताल के लैब इंचार्ज सचिन ने बताया कि आरोपी गार्ड की ड्यूटी एक सप्ताह पहले ही सीटी स्कैन सेंटर में लगी थी। उसे टेस्ट के दौरान मदद के लिए लैब के अंदर बुला लेते थे।

अस्पताल प्रशासन ने भी कमेटी बनाई

सीएमओ डॉ. विजय मलिक ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही आरोपी गार्ड को टर्मिनेट कर दिया गया था। एक कमेटी भी गठित की है, जो इस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस और अस्पताल की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कदम उठाए जाएंगे। उस रात ड्यूटी पर तैनात सभी स्टाफ से भी जानकारी जुटाई जा रही है। दूसरी ओर, थाना सिटी के थानेदार देवेंद्र ने बताया कि पीजीआई में उपचार के दौरान पीड़ित महिला की मौत हो गई। परिवार के आग्रह पर महिला के शव का पानीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वहीं, पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है।

सीएम से मुलाकात के बाद सिखों ने टाला प्रदर्शन, झींडा बोले-एफआईआर रद्द होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

अंबाला में कई दिनों से छिड़े सिखों के विवाद के बीच मंगलवार को सीएम नायब सैनी और सिख नेताओं के बीच बैठक हुई। मुलाकात के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने 25 अगस्त को होने वाले रोष प्रदर्शन को टाल दिया है। मंगलवार देर रात सीएम आवास पर हुई मुलाकात के बाद कमेटी अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने इसकी जानकारी दी। झींडा ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए सभी पुलिस केस कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए वापस और रद्द किए जाएंगे। इसके साथ ही, इस मामले में जिन बच्चों और युवाओं को जेल भेजा गया है, उन्हें जल्द से जल्द रिहा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेता गुरसिमरन सिंह मंड ने मेरठ से पत्र भेजकर अपने कृत्य के लिए लिखित रूप से माफी मांगने की इच्छा जताई है, जिसके बाद यह पूरा प्रकरण समाप्त मान लिया जाएगा।

मंड से विवाद के बाद सिखों ने 13 अगस्त को किया था प्रदर्शन, कई लोगों को आई थीं चोटें

बता दें कि अंबाला में खालिस्तानी विरोधी नेता मंड पर सात अगस्त को हमला हुआ था। पुलिस ने दो सिख युवकों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों की रिहाई की मांग को लेकर सिखों ने 13 अगस्त को दिल्ली-अमृतसर हाईवे जाम कर दिया था। पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने झींडा सहित 200 से ज्यादा लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके खिलाफ कमेटी ने 25 अगस्त को रोष प्रदर्शन का ऐलान किया था। वहीं, इस उग्र प्रदर्शन के दौरान कई पुलिस कर्मचारियों को भी चोटें आई थीं। अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि इस गंभीर मसले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी 49 सदस्यों, एग्जीक्यूटिव बॉडी, भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी ग्रुप), भगत सिंह ग्रुप, छोटू राम यूनियन और सिख एकता दल के प्रतिनिधि एक साथ आए। इन सभी यूनियनों के प्रमुख नेताओं ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक की, जहां बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई और पूरे मामले के शांतिपूर्ण समाधान पर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया।

मेडिकल ऑफिसर व सहायक ढाई लाख रिश्वत लेते दबोचे

- पोक्सो एक्ट के एक मामले में मदद करने के नाम पर रुपये मांगे

कासिम खान/सद्दाम ▶▶ नूंह/पुन्हाना

फरीदाबाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को नूंह जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनगवां में बड़ी कार्रवाई करते हुए मेडिकल ऑफिसर और उसके सहायक को ढाई लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पोक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में कथित मदद के बदले रिश्वत मांगने के आरोप में की गई। एसीबी फरीदाबाद के इंस्पेक्टर बिजेन्दर के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को यह कार्रवाई अंजाम दी। एसीबी के अनुसार डॉ. बीरपाल, मेडिकल ऑफिसर, सीएचसी पिनगवां और उनके सहायक मोनू को थाना पिनगवां में दर्ज पोक्सो एक्ट के एक मामले में सुविधा देने के एवज में 2,50,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत की शिकायत एसीबी को दी गई थी, जिसके बाद टीम ने जाल बिछाकर दोनों को स्वास्थ्य केंद्र में ही रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसीबी अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और भ्रष्टाचार में लिप्त अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। बिजेंद्र इंस्पेक्टर एसीबी फरीदाबाद ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एसीबी फरीदाबाद की कार्रवाई के बाद सीएचसी परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। अधिकतर डॉक्टर व कर्मचारी इस कार्रवाई के बाद भूमिगत हो गए।

हरियाणा रोडवेज के रंग रूप वाली निजी बस पकड़ी, 81 हजार जुर्माना

रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बनीपुर चौक के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हरियाणा रोडवेज के रंग-रूप में चल रही निजी बस को पकड़ा है। राजस्थान नंबर की इस बस पर नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 81 हजार रुपये का चालान करके इंपाउंड कर लिया गया। बस दिल्ली से सवारियां लेकर जयपुर जा रही थी। बावल ट्रैफिक पुलिस की टीम एनएच-48 पर वाहनों की जांच कर रही थी, तभी उन्होंने बस को रोका। जांच के दौरान पता चला कि बस का बाहरी रंग-रूप हरियाणा रोडवेज की बसों जैसा था, जबकि यह एक निजी बस थी। ट्रैफिक पुलिस ने बस को आगामी कार्रवाई के लिए आरटीओ कार्यालय को सौंप दिया। आरटीओ विभाग ने कार्रवाई करते हुए बस के चालक पर 81 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर बस को इंपाउंड कर लिया गया।

राजनीति

विधानसभा का 27 अगस्त से शुरू होगा मानसून सत्र

बेरोजगारी, कानून व्यवस्था व घोटालों पर गरजेगा विपक्ष

- कांग्रेस ने 20 अगस्त को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुलाई, कई प्रस्ताव सदन में लाएंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का 27 अगस्त से शुरू होने वाला मानसून सत्र इस बार भले ही ज्यादा लंबा नहीं चलेगा लेकिन गर्मागर्म रहने की प्रबल संभावनाएं हैं। एक तरफ जहां सत्ता पक्ष भाजपा की ओर से तैयारी की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष कांग्रेस की ओर से भी अपने विधायकों की बैठक बुला ली गई है। 27 अगस्त की सुबह 11 बजे शुरू होने वाले सत्र को लेकर हरियाणा विधानसभा की ओर से भी व्यापक तैयारी की जा रही है। सत्र के दौरान लगने वाले प्रश्नों के साथ-साथ ही कांग्रेस की ओर से काम रोको प्रस्ताव भी विस सचिवालय को भेजा गया है। अब यह विस अध्यक्ष पर निर्भर करेगा कि वे इसके लिए इजाजत देंगे या नहीं।

मानसून सत्र में कई मुद्दों को उठाने के लिए विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस की ओर से तैयारी की जा रही है। नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अशोक अरोड़ा, गीता भुक्कल, शकुंतला खटक सभी एक सुर में युवाओं में बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, किसानों, व्यापारी वर्ग व सिखों के मामलों सहित अन्य कई विषयों को लेकर घेरेबंदी की तैयारी में है। कांग्रेस ने 20 अगस्त को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुला ली है। कांग्रेस पहले ही विभिन्न मुद्दों पर श्वेत पत्र जारी करने, काम रोको प्रस्ताव लेकर आने की तैयारी में है। सदन के भीतर कई अहम मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा जा सकता है। कांग्रेस हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुद्दे पर वैसे भी बुधवार 19 अगस्त को धरना देने की तैयारी में है। बैंक घोटाले को लेकर काम रोको प्रस्ताव लाने जा रही कांग्रेस ने बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, जलभराव, निजी बिजली कंपनियों को लाइसेंस जैसे मामलों को भी उठाने की तैयारी की है। कई विषयों को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाने की भी तैयारी की हुई है।

एक दिन कार्यवाही के बाद तीन दिन अवकाश



मानसून सत्र में 27 अगस्त वीरवार को पहले दिन की कार्यवाही चलेगी और इसके तुरंत बाद में सदन को स्थगित कर दिया जाएगा। उसके अगले रोज 28 को रक्षाबंधन है, जबकि 29 और 30 अगस्त को शनिवार व रविवार के कारण अवकाश होगा। बताया गया है कि 27 के बाद सदन की कार्यवाही 31 अगस्त सोमवार को शुरू होगी। एक सितंबर को सदन की कार्यवाही का अंतिम और तीसरा दिन रहेगा। हालांकि बिजनेस सलाहकार समिति की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इनेलो ने कर्मचारियों और कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव देने की तैयारी कर ली है।

भाजपा भी तैयार, पलटवार के लिए अभी से तैयारी

उधर, भाजपा भी आने वाले दिनों में बैठक कर विपक्ष के सवालों पर पलटवार के लिए रणनीति बनाने का विधिवत ऐलान करने जा रही है। इसके अलावा बैठकों का दौर चल रहा है। भाजपा के नेता और वरिष्ठ मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा, कृष्ण बेदी, कृष्ण पंवार, विपुल गोयल का कहना है कि सदन में विपक्ष की हर बात का जवाब दिया जाएगा, मात्र हंगामा शोरगुल और विरोध नहीं बल्कि विपक्ष को सुनने के लिए तैयार होकर आना होगा। वरिष्ठ मंत्री अनिल विज का कहना है कि विपक्ष को सदन में नियमों के तहत ही बात रखनी चाहिए, जनहित के हर मुद्दे पर सरकार जवाब देने को तैयार है।

15 दिन बाद हुआ जीवन कुंडू का अंतिम संस्कार, 11 वर्षीय बेटे रिशु ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के किनाला गांव निवासी डेयरी संचालक जीवन कुंडू का हत्या के 15 दिन बाद मंगलवार को गांव में गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार किया गया। जीवन के 11 वर्षीय बेटे रिशु ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कई खाप प्रतिनिधियों और किसान नेताओं ने जीवन को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। सुबह जीवन का शव अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से गांव स्थित उसके घर लाया गया। शव के घर पहुंचते ही माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। पति का शव देखते ही पत्नी रमन बेहोश हो गई। वहीं, अंतिम संस्कार के दौरान जीवन की बहन भाई को याद कर 'भाई आजा, ओ भाई' कहकर बिलखती रही। परिजनों के विलाप से वहां मौजूद हर आंख नम हो गई।

बता दें कि जीवन कुंडू की चार अगस्त को हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जीवन कुंडू संघर्ष समिति का गठन किया गया था। समिति और परिवार की ओर से मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने समेत अन्य मांगें उठाई जा रही थीं। सोमवार को सरकार की ओर से परिवार और संघर्ष समिति की प्रमुख मांगें स्वीकार किए जाने के बाद परिवार अंतिम संस्कार के लिए राजी हुआ। इसके बाद 15 अगस्त को हांसी में हुए घटनाक्रम के मामले में गिरफ्तार 10 किसान नेताओं को गुरुग्राम की भोंडसी जेल से रिहा किया गया।

मुख्य आरोपी रमेश अभी फरार

जीवन हत्याकांड में हिसार पुलिस अब तक भानु कुमार, गजेंद्र उर्फ गज्जू पंडित और साहिल समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं, मामले का मुख्य आरोपी रमेश शर्मा अत्री अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी है।

अभियान बिल्कुल कारोबार नहीं दिखाने वाली इकाइयों के खिलाफ

प्रमाणपत्र जारी करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट होंगे निशाने पर

विदेशों में भेजा गया संदिग्ध पैसा आयकर विभाग की जांच के घेरे में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने कम या बिल्कुल कारोबार नहीं दिखाने वाली इकाइयों, उनके पीछे मौजूद लोगों और कर निर्धारण प्रमाणपत्र जारी करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट के विदेश भेजी गयी संदिग्ध राशि की जांच के लिए अभियान शुरू किया है। विभाग ने कहा कि इस अभियान के दायरे में भारत की जमीनी सीमाओं से लगे जिलों में स्थित ऐसी इकाइयों को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने बड़ी मात्रा में पैसा विदेश भेजा है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि इस अभियान में करीब 394 इकाइयों और 36 पेशेवरों को शामिल किया गया है। इनमें सीमावर्ती राज्यों में स्थित 117 इकाइयां शामिल हैं। विभाग ने 18 अगस्त को संदिग्ध रूप से विदेश भेजी गयी राशि की विस्तृत राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की। इसमें मुखौटा कंपनियों, उनके पीछे मौजूद लोगों और फॉर्म 15सीबी प्रमाणपत्र जारी करने वाले पेशेवरों पर गौर किया गया है।

■ अभियान के दायरे में देश की जमीनी सीमाओं से लगी इकाइयां

धन प्रेषण बताए गए उद्देश्यों से मेल नहीं खाते: विभाग ने कहा कि ये माल ढुलाई भुगतान, सॉफ्टवेयर का आयात या परामर्श सेवाओं के आयात जैसे धन प्रेषण के बताए गए उद्देश्यों से भी मेल खाते नहीं दिखे। जांच में यह भी पता चला कि इनमें से कई इकाइयां अपने घोषित पते पर वास्तव में काम नहीं कर रही थीं।

जांच जमीनी स्तर से मिली सूचनाओं के बाद

संदिग्ध विदेशी धन प्रेषण की जांच आंकड़ों के विश्लेषण और जमीनी स्तर से मिली सूचनाओं के बाद शुरू की गई है। इनसे पता चला कि कम या बिल्कुल कारोबार नहीं दिखाने वाली कुछ इकाइयों ने काफी पैसा विदेश भेजा। विभाग ने चार्टर्ड अकाउंटेंट को फॉर्म 15सीबी/फॉर्म 146 जारी करते समय सावधानी बरतने की चेतावनी दी और उचित जांच-पड़ताल तथा पेशेवर निर्णय लेने को कहा।

प्रमाणपत्र जारी करने से पहले उचित जांच करनी चाहिए

आयकर विभाग ने एक बयान में कहा, ''प्रमाणपत्र जारी करने से पहले उन्हें संबंधित लेनदेन और उससे जुड़े तथ्यों की उचित जांच करनी चाहिए, क्योंकि ये प्रमाणपत्र व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' फॉर्म 15सीबी या फॉर्म 146 भारत से विदेश भेजे जाने वाले धन के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी किया जाने वाला कर निर्धारण प्रमाणपत्र है।

पिछले तीन वर्षों में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा विदेश भेजी

वित्त वर्ष में पांच लाख रुपये से अधिक के कर योग्य भुगतान किसी प्रवासी या विदेशी कंपनी को किए जाने पर यह जरूरी होता है। यह स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) और दोहरा कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) के अनुपालन की पुष्टि करता है। आयकर विभाग ने कहा कि जमीनी स्तर से मिली सूचनाओं और विदेश भेजे गए पैसे के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर उसने ऐसी कई संदिग्ध इकाइयों की पहचान की है, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा विदेश भेजी।

फर्जी परमार्थ न्यासों के समूह की तलाशी अभियान

विभाग ने बताया कि फर्जी परमार्थ न्यासों के एक समूह के खिलाफ तलाशी अभियान के दौरान विदेश पैसा भेजने वाली इकाइयों के एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क का पता चला। ये न्यास फर्जी दान और योगदान के बदले बही-खाते में प्रविष्टियां उपलब्ध कराने में शामिल थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि धन विदेश भेजने वाली ये इकाइयां या तो आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करती थीं या बहुत कम कारोबार दिखाते हुए रिटर्न दाखिल करती थीं।

कच्चे तेल के दाम चढ़ने से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 493 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में लगातार छठे दिन गिरावट आई और यह 133 अंक और नीचे आ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया संकट के कूटनीतिक समाधान को लेकर उम्मीद कम होने के साथ निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से बाजार में गिरावट आई।

■ सेंसेक्स 493 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 492.70 अंक टूटकर 77,235.46 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स में गिरावट आई है। इसी तरह निफ्टी में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह 132.75 अंक फिसलकर 24,154.90 अंक पर बंद हुआ।

सोना 2,000 रुपये चढ़ा, चांदी 730 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। खुदरा विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से लिवाली बढ़ने के कारण लगातार दूसरे सत्र में सोने की कीमतों में तेजी आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 2,000 रुपये बढ़कर 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दो सत्रों तक 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमत भी 730 रुपये बढ़कर 2,40,730 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

पेटीएम के शर्मा नहीं बेच रहे हिस्सेदारी

नई दिल्ली। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा को वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम) में निवेश इकाई रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी की 4.98 प्रतिशत हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री से उन्हें कोई वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। इस बिक्री से प्राप्त राशि एंटफिन को जाएगी। इसके अलावा, पेटीएम में शर्मा की करीब नौ प्रतिशत प्रत्यक्ष हिस्सेदारी में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

NOTICE

I, Narender S/o Sh. Mahender R/o VPO Madina Kaursan, Near Co-operative Bank, Distt. Rohtak-124111, Haryana declare that Yashika Dhuran is my real daughter and her date of birth 14.09.2020. My daughter name has been mentioned as Yashika Dhuran in her Aadhar card and birth certificate. My daughter name has been mentioned as Yashika in her Passport. I want to add my surname i.e. Dhuran with my daughter's name i.e. Yashika in her passport. In future my daughter's name known as Yashika Dhuran for all purpose.

बोली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिधलान में दिनांक 21.8.2026 को प्रातः 11:00 कंडम घोषित कमरे व बरामदे की नीलामी होने निश्चित हुई है। इच्छुक प्रार्थी समय पर पहुंच कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले । बोली से संबंधित रिजर्व मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएगी ।

हस्ता/-हेड मास्टर, सुरेंद्र कुमार
राजकीय प्राइमरी स्कूल, बिधलान

ऑगमोंट का आईपीओ 21 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 825 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 अगस्त को खुलेगा। आईपीओ का मूल्य दायरा 750-788 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह 620 करोड़ रुपये के नए शेयर तथा 205 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा। आईपीओ 21 अगस्त को खुलेगा और 25 अगस्त को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 20 अगस्त को बोली लगा पाएंगे। नए शेयर के निर्गम से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कंपनी मुख्य रूप से अपनी भविष्य की कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने और कारोबार के विस्तार आदि के लिए करेगी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मार्केट न्यूज

आवारापन 2' की कहानी में जज़्बातों का दर्द, डा. ऑर्थो मैट्रेस एवं पिल्लो देगा सुकून भरी नींद

फिल्म 'आवारापन 2' व आयुर्वेदिक 'डा. ऑर्थो' की विशेष बांड साझेदारी

चंडीगढ़। नितिन कक्कड़ के निर्देशन में बनी फिल्म आवारापन 2' प्यार, जज़्बात, संघर्ष और जिंदगी के उतार-चढ़ाव की कहानी को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करती है। फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पाटनी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म के प्रमोशन के दौरान कलाकारों ने कहा कि जिंदगी कभी भी करवट बदल सकती है, लेकिन आपकी रातें करवट बदलते हुए नहीं गुजरनी चाहिए। इसलिए अपनाइए डा. ऑर्थो आर्थोपेडिक मैट्रेस एवं पिलो, जो आपकी स्पाइन, नैक, बैक और हिप्स को सही अलाइनमेंट में रखने में मदद करते हैं, ताकि हर रात बने ज्यादा कम्फर्टेबल और पेन फ्री। वहीं, फिल्म की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने कहा कि भावनाओं, रिश्तों और जिंदगी के संघर्षों को खूबसूरती से पर्दे पर उतारने वाली फिल्में दर्शकों से सीधे जुड़ती हैं। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए 'आवारापन 2' की शानदार सफलता की कामना की। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि ने कहा कि डा. ऑर्थो आर्थोपेडिक मैट्रेस एवं पिलो को एक हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल के तहत इस सोच के साथ बनाया गया है कि आपको एक बेहतर और आरामदायक नींद मिले। उन्होंने कहा कि इसके अलावा डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लीपर एवं शूज को भी मार्किट में लाया गया है ताकि आपके पैरों की भी बेहतर देखभाल हो। दोनों प्रोडक्ट, आपको रोजमर्रा की जिंदगी में एक्टिव और एनर्जेटिक रहने में मदद करते हैं।

मिल्की मिस्ट डेयरी 18 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। पैकेट बंद खाद्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी मिल्की मिस्ट डेयरी फूड लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 140 रुपये के मुकाबले करीब 18 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 165 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 17.85 प्रतिशत अधिक है। बीएसई पर बाद में यह 29.60 प्रतिशत चढ़कर 181.45 रुपये पर पहुंच गया।

टाटा संस की एजीएम कोरम पूरा न होने से हुई स्थगित

मुंबई (एजेंसी)। एक अरब 80 करोड़ डॉलर कारोबार वाले टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस की मंगलवार को निर्धारित वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित करनी पड़ी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) संयुक्त रूप से बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि नामित नहीं कर सके, जिसके कारण बैठक के लिए जरूरी न्यूनतम संख्या (कोरम) पूरी नहीं हो सकी और बैठक स्थगित करनी पड़ी। एक सदी से अधिक समय में यह पहला मौका है जब टाटा संस की एजीएम इस तरह स्थगित हुई है। एसआरटीटी और एसडीटीटी व्यापक टाटा ट्रस्ट समूह की दो प्रमुख संस्थाएं हैं। इन दोनों की टाटा संस में सम्मिलित रूप से 51 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। एसआरटीटी पर महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने कोई बड़ा निर्णय लेने या बैठक करने से रोक लगाई हुई है।

भारत में पेशेवरों को 'पदनाम' के हिसाब से नहीं मिलता वेतन

मुंबई (एजेंसी)। भारत में पेशेवरों का एक बड़ा तबका यह महसूस करता है कि उनके पदनाम और वेतन के बीच तालमेल की कमी है, जो कार्यस्थलों पर पहचान और मिलने वाले प्रतिफल के बीच बढ़ते अंतर को उजागर करता है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई। इंडीड की तिमाही भर्ती निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, 10 में लगभग छह पेशेवरों ने कहा कि उनका पदनाम उनके वेतन को नहीं दर्शाता है। यह रिपोर्ट देश के 1,211 नियोक्ताओं और 2,533 कर्मचारियों से मिले सुझावों पर आधारित है। इसमें कहा गया कि साक्षात्कार में शामिल लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारियों का मानना था कि उद्योगों में बढ़ा-चढ़ाकर पदनाम देना आम बात हो गई है और उन्होंने अपने सहकर्मियों को वेतन में बिना किसी समान वृद्धि के अधिक वरिष्ठ लगने वाले पदनाम पाते देखा है।

GOVT. MIDDLE SCHOOL KHERI DAHIYA(3503) SONIPAT

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी दहिया (3503) खण्ड खरखौदा जिला सोनीपत में कंडम / असुरक्षित घोषित 1 कमरा व सम्बन्धित बरामदे की खुली बोली द्वारा नीलामी दिनांक 21-08-2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में कराई जाएगी। नीलामी हेतु अनुमानित राशि 20,590/- रुपये निर्धारित की गई है। नीलामी के नियम व शर्तें मौके पर बताई जायेंगी। अतः इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग लेने हेतु आमन्त्रित है।

मुख्याध्यापिका, रा०मा० विद्यालय खेड़ी दहिया, सोनीपत

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Dhiraj Yadav
Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
CIS-RS/164/2021
UNION BANK OF INDIA THROUGH
DALIP KUMAR
Vs.
SANDEEP S/O HAWA SINGH
CNR No. HRJRA0-000439-2021
Next Date : 01.09.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
Sandeep S/o Hawa Singh
:-
H.No.-516, VPO-Matan Bahadurgarh
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 01.09.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 13.08.2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Dhiraj Yadav
Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
CIS-CS25/2026
AGAIN REMINDER
RAMA DEVI W/O SUBHASH
Vs.
DEEPAK BHARDWAJ S/O MOHAN
CNR No. HRJRA0-000031-2026
Next Date : 31.08.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
Deepak Bhardwaj S/o Mohan
:-
Near Sadh maharaj Mandir, Pipe Line Road Near State Bank, Society Wali Gali, Village Pooth Khurd, Delhi
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 31.08.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 13.08.2026

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हैफेड हिसार	निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुसार अप्रयोज्य/क्षतिग्रस्त बारदाना, बुडन क्रेट इत्यादि की ई-बिक्री आमंत्रण।	19.08.2026 02.09.2026	50,000/-	www.hafed.gov.in	9050662919 dmhrohsr@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48303/I/88/6 दि. 18.08.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसएएमबी रोहतक	चरखी दादरी में एनजीएम/ एनवीएम में स्ट्रीट लाइट और अतिरिक्त हाईमास्ट लाइटिंग स्थापना का प्रावधान।	17.08.2026 25.08.2026	49,94,591/-	https://etenders.hry.nic.in	9812100311 xenelectdrtk@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48309/I/88/6 दि. 18.08.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	नगर निगम रोहतक में विरासत कचरा के रिमिडिएशन और भूमि रिक्लेमेशन और फ्रेक्शन के वैज्ञानिक रूप से निपटान के लिए एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह।	17.08.2026 08.09.2026	-	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 engg-mtnk@haryana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48310/I/88/6 दि. 18.08.26

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ/ एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	2026_HBC_536642_1	बढ़ाई गई तिथि 24.08.2026 अप. 16:00 बजे तक खुलना 25.08.2026 पूर्वा. 11:30 बजे।	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarchtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48312/I/88/6 दि. 18.08.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसवीपी रोहतक	3 वर्ष के लिए निःशुल्क एलईडी लाइट्स के ऑन/ऑफ प्रचालन सिस्टम, रखरखाव और स्थल पर बदलने समेत सेक्टर-6 (बी/डब्ल्यू) झज्जर में एलईडी फ्लड लाइट्स और एलईडी स्ट्रीट लाइट्स सहित 12.5 मी. लम्बे हाई मास्ट का प्रावधान (जीएसटी को छोड़कर)।	बंद होने की तिथि 31.08.2026	12,06,066/-	https://etenders.hry.nic.in	9416191870 xenelectrtk@gmail.com
2	एचएसवीपी रोहतक	वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न विभाजक रोड्स, रोहतक पर स्थापित स्ट्रीट लाइट्स प्वाइंट्स (ईडीसी) का वार्षिक रखरखाव(ईडीसी) (जीएसटी को छोड़कर) + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 31.08.2026	74,68,172/-	https://etenders.hry.nic.in	9416191870 xenelectrtk@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/48332/I/88/6 दि. 18.08.26

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

योगगुरु बाबा रामदेव ने दी बधाई व सराही अस्पताल की सेवाएं

इट्सा हॉस्पिटल्स पहुंचे बाबा रामदेव कहा-स्वस्थ जीवन सफलता का आधार

रायपुर। योगगुरु स्वामी रामदेव ने इट्सा हॉस्पिटल्स, रायपुर का दौरा किया। अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश के चरणों में नमन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशकों, चिकित्सकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वामी रामदेव ने अस्पताल परिसर का अवलोकन किया और इट्सा हॉस्पिटल्स की आत्मीयता, सेवा-भावना एवं उत्कृष्ट हॉस्पिटैलिटी की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा, "यहां चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ अपनापन और अतिथिसत्कार की भावना भी उतनी ही प्रभावशाली है। इट्सा हॉस्पिटल्स में अस्पताल के साथ-साथ बेहतरीन हॉस्पिटैलिटी का भी अनुभव होता है।" उन्होंने पूरे संस्थान के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

शहर को विकसित होते देखा है

अपने संबोधन में स्वामी रामदेव ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से रायपुर आते रहे हैं और उन्होंने इस शहर को निरंतर प्रगतिशील एवं विकासशील होते देखा है। उन्होंने रायपुर के लोगों के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए कहा कि यह शहर उन्हें हमेशा अपनापन देता है। उन्होंने सभी को योग अपनाने का संदेश देते हुए कहा, "योग करो, स्वस्थ बनो। करियर बनाओ, बुद्धिमान बनो। शरीर से पराक्रमी बनो और मस्तिष्क से बुद्धिमान बनो।"

शब्द पहेली - 6321

बाएँ से दाए-
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

ऊपर से नीचे
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2, 2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली -6320 का हल

क	ल	ह	■	म	■	प	र	दा	न	शी
पू	■	क	ल	श	■	छ	बी	ल	■	त
त	ल	■	■	ब	■	ता	■	■	सा	ल
■	ल	■	धा	रा	प्र	वा	ह	■	ब	■
म	क	ब	रा	■	था	■	म	हा	न	ता
■	■	■	वा	दा	■	मा	स	■	■	■
ह	म	रा	ही	■	पा	■	फ	र	मा	न
■	यू	■	क	हा	नी	का	र	■	य	■
ख	र	■	■	थी	■	र	■	■	का	न
प	■	ब	र	खा	■	ना	र	द	■	य
त	र	स	खा	ना	■	मा	■	म	न	न



चमोली सुरंग में 5 दिन बाद खत्म हुआ रेस्क्यू

■ टनल में आखिरी श्रमिक का शव भी बाहर निकाल लिया

भाषा ▶▶| चमोली

उत्तराखंड के चमोली में स्थित पीपलकोटी टनल हादसे के बाद चलाया जा रहा राहत और बचाव अभियान अब खत्म हो गया है। रेस्क्यू टीमों ने टनल में फंसे आखिरी लापता श्रमिक का शव भी बाहर निकाल लिया है। इस हादसे में कुल 10 मजदूरों की जान चली गई है, जबकि 12 लोग घायल हो गए। हाट-सियासैंण, मायापुर (पीपलकोटी) स्थित टीएचडीसी की 444 मेगावाट क्षमता वाली निर्माणाधीन टेल रेस टनल में 13 अगस्त को अचानक पानी और भारी मात्रा में मलबा घुस गया था।

22 मजदूर फंस गए थे

इस घटना के चलते टनल के अंदर काम कर रहे 22 मजदूर वहीं फंस गए थे। घटना के तुरंत बाद से ही जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। चमोली में तपोवन-ज्योतिर्मठ क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की 520 मेगावाट तपोवन-विष्णुगाड जलविद्युत परियोजना की मुख्य सुरंग में भूधंसाव से बने एक छोटे गड्ढे (कैविटी) को भरा जा रहा है।

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर बोले-केंद्रीय मंत्री रिजिजू

गोली नहीं चली, गंभीर चोट भी नहीं लगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा कि जंतर-मंतर पर हजारों लोगों के प्रदर्शन के बावजूद एक गोली नहीं चली और किसी प्रदर्शनकारी को गंभीर चोट नहीं लगी। इसके लिए दिल्ली पुलिस की तारीफ होनी चाहिए।

अगर ऐसा आंदोलन कांग्रेस के दौर में हुआ होता, तो हजारों लोगों की मौत हो सकती थी। रिजिजू ने जेन-जी हमारे बच्चे हैं और उनसे बातचीत जरूरी है। रिजिजू ने सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दीपके आप कार्यकर्ता हैं। छात्र नेता कैसे बन गए? केंद्रीय मंत्री ने राहुल के पीएम पर तंज व संसद में कांग्रेस के हंगामे पर भी जवाब दिया। 'राहुल सदन के अंदर जैसा व्यवहार करते हैं, क्या वे नेता प्रतिपक्ष जैसे दिखाई देते हैं? मेरा उनसे कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। हम मिलते हैं, बातचीत करते हैं। नेता प्रतिपक्ष को पद की गरिमा बनाए रखते हुए काम करना चाहिए। उसी हिसाब से सदन में बोलना चाहिए। राहुल ने एक खास तरह की शैली अपनाई है और उनके सांसद भी उसी तरह व्यवहार करने लगे हैं।'

■ समाचार एजेंसी को साक्षात्कार में कई मुद्दों पर रखी अपनी बात

जेन-जी से बात करनी होगी

'जेन-जी बच्चों से कनेक्शन में कोई कमी नहीं है। वे हमारे अपने बच्चे हैं। हमें उनकी बात सुननी होगी और उन्हें अपनी बात भी समझानी होगी। अगर उन्हें लगातार सिर्फ मांगें करने के लिए उकसाया जाता रहेगा तो दूरी कम करने में समय लगेगा।'

कांग्रेस नक्सली पार्टी बन रही

'एक तरह से कांग्रेस पार्टी माओवादी और नक्सली संगठन जैसी बनती जा रही है। सोनिया के नेतृत्व वाली नेशनल एडवाइजरी काउंसिल में पहले ऐसी विचारधारा रखने वाले लोगों का प्रभाव था। पूरी कांग्रेस माओवादी पार्टी की तरफ बढ़ती दिख रही है। इससे पहले कांग्रेस मुस्लिम लीग जैसी पार्टी बन चुकी थी। जंगल में हथियार उठाने वाले नक्सलियों को काफी हद तक खत्म किया जा चुका है, लेकिन उनकी विचारधारा शहरी इलाकों में अभी भी मौजूद है।

आठवले ने की तारीफ, बोले-अपना ही लड़का

दीपके को एनडीए में आने का ऑफर

एजेंसी ▶▶| नागपुर

केंद्र सरकार में मंत्री रामदास आठवले ने कॉकरोच जनता पार्टी के नेता अभिजीत दीपके को एनडीए में शामिल होने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि अभिजीत दीपके को रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) जॉइन कर लेनी चाहिए। आठवले ने कहा कि अभिजीत दीपके हमारे साथ आकर भीमराव आंबेडकर के सपनों को पूरा कर सकेंगे।

उनके आने से समाज और पार्टी को ताकत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने आरक्षण खत्म करने की मांगों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी मांगें गलत हैं। आरक्षण एक संवैधानिक अधिकार है और सरकार को उन लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए, जो इसे हटाने की मांग कर रहे हैं। केंद्रीय रामदास आठवले ने शरद पवार की पार्टी एनसीपी-एसपी को भी सरकार का हिस्सा बनने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि हमें वैचारिक मतभेदों को कम करते हुए साथ आना चाहिए और एनडीए सरकार के विकास के प्रयासों को गति देनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कैबिनेट में जल्दी ही फेरबदल होगा। भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं को इसमें मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब सही समय है, जब शरद पवार की पार्टी एनसीपी-एसपी को भी सरकार का हिस्सा बनना चाहिए।

■ बोले एनसीपी और एसपी को भी सरकार का हिस्सा बनना चाहिए

यही नहीं आठवले ने यहां तक कह दिया कि यदि पवार एनडीए में आने से इनकार करते हैं तो उनकी पार्टी के 8 सांसदों को साथ आना चाहिए। आठवले ने कहा कि हमारे बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन शरद पवार की पार्टी को एनडीए में आना चाहिए।

उन्होंने अपना ही उदाहरण देते हुए कहा कि मैं भी तो इस सरकार का हिस्सा बना हूं। उन्होंने कहा कि जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार, शरद यादव, ममता बनर्जी और नवीन पटनायक जैसे नेता भी पहले एनडीए में रह चुके हैं।

खबर संक्षेप

सोनिया पीएम क्यों नहीं बनीं, किताब में बताएंगी

नई दिल्ली। इस साल नवंबर में सोनिया गांधी की किताब आ रही है जिसमें सोनिया अपने राजनीति में सफर और 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के फैसले से जुड़े अनुभव बताएंगी। किताब के प्रकाशक अल्फ्रेड ए. नॉफ ने मंगलवार को घोषणा की कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब 'बिलांगिंगः ए जर्नी ऑफ लव' 10 नवंबर 2026 को बाजार में आएगी।

कांग्रेस कार्य समिति आज, कई मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुधवार को यहां होगी, जिसमें छात्रों के मुद्दे और राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के आरोप को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। सीडब्ल्यूसी की बैठक बुधवार को अपराह्न तीन बजे इंदिरा भवन में होगी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बैठक की अध्यक्षता करेंगे। राहुल गांधी तथा प्रियंका केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इसमें शामिल होंगे।

लखनऊ में लोहे की जंजीर से दारोगा को पीटा

लखनऊ। पारा में अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम पर पथराव और हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी महिलाओं खुशबू और आफरीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।नामजद और अज्ञात समेत 24 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

डंपर से टकराई पिकअप उप्र के 8 मजदूरों की मौत

भिंड। ग्वालियर-भिंड नेशनल हाईवे (एनएच-719) पर गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के छीमका गांव के समीप सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप और डंपर के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में बारिश का कहर, हिमाचल से असम तक आफत

मौसम विभाग की राजस्थान-दिल्ली समेत 14 राज्यों में तेज बारिश की चेतावनी, सतर्क रहें

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र और मानसून ट्रफ के कारण उत्तर भारत सहित कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत के लिए बारिश कहर बनकर कोहराम मचाए हुए है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, असम और पश्चिम बंगाल में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाकर रखी है। नदियां उफान पर चल रहीं हैं, जगह-जगह भूस्खलन हुए और असम के ब्रह्मपुत्र घाटी में लाखों लोग बाढ़ की चपेट में आ गए। पहाड़ी राज्यों में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा । वहीं देश में बारिश और आंधी के रौद्र रूप के बीच मौसम विभाग ने एक और नया अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने आज यानी 19 अगस्त को दिल्ली, यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश समेत 23 राज्यों के लिए भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी कर दी है। इस दौरान 80 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की भी संभावना व्यक्त की गई है। गंगा के मैदानी इलाकों के लोगों के लिए अगले 24 घंटे भारी हो सकते हैं। वहीं, कुछ राज्यों में ओले गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है।

ऋषिकेश में नदियां उफान पर, पौड़ी गढ़वाल में लैंडस्लाइड परिवार के चार लोग दबे

ओडिशा

अरुणाचल के कई हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान

ईटानगर (भाषा)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार से अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश और बिजली चमकने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, तवांग, पश्चिम कामेंग, पूर्वी कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सुबनसिरी, पूर्वी सियांग, लोअर दिबांग, लोहित, अंजॉ, नामसाई, चांगलांग, तिरप और लोंगडिंग समेत कई जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है।

इन राज्यों में आज बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक 19 अगस्त को देश के 23 राज्यों ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में भारी बारिश-आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी है।

ओडिशा में बाढ़ की स्थिति और गंभीर

भुवनेश्वर (भाषा)। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बने अवदाब के कारण पिछले 24 घंटे में हुई भारी बारिश से मंगलवार को ओडिशा के उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी ओडिशा के तटों पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है जिससे भारी बारिश की आशंका बनी हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों सहित पश्चिम बंगाल, झारखंड के पास भी ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है जिससे भारी से अतिभारी वर्षा की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से चलने वाली हवाएं लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। असम में बाढ़ हर साल आती है, लेकिन इस बार ऊपरी असम के शिवसागर और चराइदेव में हालात बेहद गंभीर रहे। बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया।

सीवेज टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

आप नेता सत्येंद्र जैन को किया गिरफ्तार

दिल्ली के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के टेंडरों में गड़बड़ी के मामले में केजरीवाल सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जैन के अलावा दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय की भी गिरफ्तारी हुई है। आरोप है कि राय को 1.52 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई। एसीबी का आरोप है कि ट्रीटमेंट प्लांट के टेंडरों की शर्तें इस तरह बनाई गई थीं कि एक खास कंपनी को फायदा मिल सके। एसीबी की जांच अभी जारी है।

'आप विधायक कुलदीप को उठा ले गई पुलिस'

नई दिल्ली। कल्याणपुरी में सफाई कर्मचारी अनिल की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में पिछले दो दिनों से धरना दे रहे आप विधायक कुलदीप कुमार को मंगलवार सुबह करीब 4 बजे दिल्ली पुलिस द्वारा उनके घर से ले जाने का आरोप लगाया है। आप दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और विधायक कुलदीप कुमार के आधिकारिक हैंडल से दावा किया गया कि आज सुबह 4 बजे करीब 20 पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में पहुंचे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद

विफल रही बात, हम नहीं देंगे मस्जिद के लिए एक इंच भूमि

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही सुलह-समझौते की कोशिशें एक बार फिर नाकाम साबित हुई हैं। मथुरा के सुलह समझौता केंद्र में मंगलवार को होने वाली दूसरी वार्ता मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति के कारण विफल हो गई। मुस्लिम पक्ष के न आने पर कोर्ट ने पत्रावली पर सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस अहम विवाद की सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट में 21, 22 और 23 अगस्त को की जाएगी।

उपस्थित नहीं हुआ मुस्लिम पक्ष

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और हिंदू पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुलह केंद्र में दूसरी सुनवाई तय थी, लेकिन मुस्लिम पक्ष वहां उपस्थित नहीं हुआ। इससे पहले 7 अगस्त को भी दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी, जो पूरी तरह बेनतीजा रही थी।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने नियुक्त किए

भाजपा ने बिहार जिताने वाले तावड़े को उत्तर प्रदेश प्रभारी का बनाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात के लिए नए राज्य प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए। बिहार चुनाव जिताने वाले विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। गुजरात का जिम्मा तरुण चुग को सौंपा गया है। इन तीनों राज्यों में अगले साल चुनाव हैं। भाजपा अध्यक्ष ने एक दिन पहले अपनी नई टीम का ऐलान किया था। इसमें 65 पदाधिकारियों की घोषणा की थी। इनकी नियुक्ति को भाजपा की चुनावी तैयारियों और संगठन को मजबूत करने की कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है।

जगदीश पटेल सह-प्रभारी बनें

विनोद तावड़े भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं। वे हरियाणा और बिहार के प्रभारी रह चुके हैं। नवंबर 2020 में उन्हें हरियाणा का प्रभारी बनाया गया था। सितंबर 2022 में बिहार की जिम्मेदारी दी गई। 2024 में भी वे बिहार के प्रभारी रहे। 2025 में उनके प्रभार में ही भाजपा जीती। तावड़े महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। गुजरात के भाजपा नेता हैं। वे 2019 में अमराईवाड़ी विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे। अहमदाबाद शहर पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। अगस्त 2026 में राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। उत्तर प्रदेश का सह-प्रभारी बनाया गया है।

गुजरात प्रभारी बने तरुण चुग

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व रास सांसद हैं। वे अमृतसर से आते हैं और लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय हैं। वे तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रभारी रह चुके हैं। नवंबर 2020 में उन्हें तेलंगाना के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की जिम्मेदारी दी गई थी। 2024 में वे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रभारी रहे। अब उन्हें गुजरात का प्रभारी बनाया गया है।

कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

ऋतब्रत ही रहेंगे नेता विपक्ष ममता गुट को बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के पद को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर चल रही कानूनी और राजनीतिक खींचतान में कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने बड़ा अंतरिम आदेश दिया है। अदालत ने निर्णय लिया है कि टीएमसी के ऋतब्रत तब तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर बने रहेंगे, जब तक कि सिंगल बेंच दो महीने के भीतर मामले पर अपना अंतिम फैसला नहीं सुना देती। जस्टिस शंपा सरकार और जस्टिस अजय कुमार गुप्ता की पीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित किया।

यह है विवाद

यह पूरा विवाद विधानसभा स्पीकर रथीन बोस के उस फैसले से जुड़ा है, जिसके तहत उन्होंने ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और ममता बनर्जी खेमे के दिग्गज नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने अपने नाम की अनदेखी करने और ऋतब्रत बनर्जी की नियुक्ति के स्पीकर के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पहले 18 जून को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने स्पीकर के फैसले पर तुरंत कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

स्कूलों में अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट पूरा

नई दिल्ली। यूआईडीएआई ने देश भर के स्कूली बच्चों के लिए 2 करोड़ से अधिक बायोमीट्रिक अपडेट कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह अभियान शिक्षा मंत्रालय के यूडीआईएसई प्लस पोर्टल के साथ तकनीकी एकीकरण के जरिए संभव हुआ है।

कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
website - tribal.cg.gov.in फोन- 2263708 Fax - 2262558
E mail - eklavya.ctd@gmail.com

क्रमांक/EMRS/STU/183/2026-27/Com.No.- 380430
नवा रायपुर, दिनांक 11/08/2026

शिक्षण सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा - 6वीं प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग उपरांत चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना

शिक्षण सत्र 2026-27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा - 6वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण के काउंसलिंग की प्रकिया संपन्न हो चुकी है। उक्त काउंसलिंग में सम्मिलित विद्यार्थियों में से चयनित अभ्यर्थियों की विद्यालयवार सूची वेब पोर्टल https:// eklavya.cg.nic.in पर जारी की गई है

उपरोक्तानुसार कक्षा-6वीं में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन कर आवंटित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 13.08.2026 से 22.08.2026, समय प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर सकते है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में चयनित विद्यार्थी, कक्षा - 6वीं प्रवेश के लिये आवश्यक दस्तावेज यथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T.C.), कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची (मार्कशीट), मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा - 6वीं की रिक्त सीटों पर काउंसलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना अधिकृत वेबसाईट पर प्रदर्शित की जावेगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन करते रहें।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.)

G-262702755/1

मानसा : युवक की घेरकर धारदार हथियारों से हत्या

■ गांव के सरपंच पर आरोप, मरने से पहले दिए बयान पर एक दर्जन लोगों पर केस दर्ज

एजेंसी ▶▶| मानसा

पंजाब के मानसा जिले के गांव नंगल कलां में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मानसा पुलिस के डीएसपी हरजिंदर सिंह गिल ने बताया कि अमनदीप पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। इस वारदात के बाद मानसा पुलिस ने गांव के मौजूदा सरपंच रेशम सिंह जिंदा सहित लगभग एक दर्जन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अमनदीप शर्मा के रूप में हुई है। अमनदीप के पिता सोम लाल और भाई कृष्ण लाल ने बताया कि वह अपने घरेलू काम के लिए शहर गया हुआ था। जब वह गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में सरपंच और उसके साथियों ने घेर लिया और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

गंभीर हालत में अमनदीप को इलाज के लिए तुरंत मानसा के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बठिंडा रेफर कर दिया। हालांकि, बठिंडा ले जाते समय रास्ते में ही अमनदीप शर्मा ने दम तोड़ दिया। मौत से पहले अमनदीप ने पुलिस को दिए अपने बयान में सरपंच और उसके साथियों द्वारा मारपीट किए जाने की बात कही थी।

राजस्थान से पंजाब आई थी बारात, फिरोजपुर में शादी के दौरान हंगामा

पंजाब में दूल्हे का चेहरा देख दुल्हन का शादी से इनकार

■ लड़की बोली- पहले किसी और लड़के की फोटो दिखाई थी

एजेंसी ▶▶| फिरोजपुर

पंजाब के फिरोजपुर में मंगलवार को दुल्हन ने दूल्हे का चेहरा देखते ही शादी से इनकार कर दिया। लड़की बोली शादी से पहले जिस लड़के की तस्वीर दिखाई गई लड़का वह नहीं है। इसको लेकर शादी में जमकर हंगामा हुआ।

दुल्हन के परिजन ने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। उसने बारात को वापस भेज दिया। बारात राजस्थान से पहुंची थी। दूल्हा पक्ष का कहना था कि दूल्हा वही है जो शादी से पहले दिखाया था। अब बिचौलिया और लड़की की मां ने लड़की को कौन सी फोटो दिखाई, इसका जानकारी उन्हें नहीं है। अब पंजाब पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह अजीबोगरीब मामला फिरोजपुर जिले के गुरुहरसहाय क्षेत्र के तहत आते गांव टीटू खेड़ा का है। मंगलवार (18 अगस्त) को बारात राजस्थान के छतरगढ़ से पूरी धूमधाम के साथ गुरुहरसहाय पहुंची थी। शादी का माहौल था और फेरों की रस्में शुरू ही होने वाली थीं। इस दौरान जैसे ही दुल्हन ने दूल्हे को करीब से देखा, उसने शादी करने से इनकार कर दिया। दुल्हन का गीता का बेहद गंभीर आरोप था कि शादी तय करते समय उसे किसी दूसरे लड़के की तस्वीर दिखाई गई थी, जबकि शादी वाले दिन मंडप में सेहरा बांधकर किसी अन्य युवक को दूल्हे के रूप में उसके सामने पेश कर दिया गया।

पहले फिल्टर लगा फोटो दिखाया

गीता ने कहा कि उसे फोन में लड़के का फोटो दिखाया गया था। वह फोटो फिल्टर लगा हुआ था। उसमें देखने में लड़का उसे ठीक लगा था, इसलिए उसने शादी के लिए हामी भर दी थी, लेकिन शादी करने आया लड़का उसे पसंद नहीं है।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन हेतु IREPS वेबसाइट के माध्यम से ई–नीलामी द्वारा बोलियां आमंत्रित करते हैं।

Sn	Lot No.	Description	Auction Start Date Time
1.	MSS-UMB-KLK-THDPK-111-26-1	कालका रेलवे स्टेशन पर अनुमोदित साइट प्लान के अनुसार 10.58 वर्ग मीटर (लगभग) क्षेत्रफल, माप 4.50 मी x 2.35 मी, में स्मारिका दुकान–सह–यात्रा सहायता डेस्क का संचालन एवं अनुरक्षण 05 वर्ष की अवधि के लिए।	31.08.2026 12:00:00 hrs.
2.	MSS-UMB-KLK-DigiL-122-26-1	साइट प्लान के अनुसार कालका रेलवे स्टेशन पर कुल 7.5' x 4' अर्थात 30 वर्ग फुट क्षेत्रफल में डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण।	01.09.2026 12:00:00 hrs.
3.	MSS-UMB-SML-DigiL-121-26-1	साइट प्लान के अनुसार शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल 12' x 4' अर्थात 48 वर्ग फुट क्षेत्रफल में डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण।	01.09.2026 12:00:00 hrs.
4.	MSS-UMB-UMB-DigiL-120-26-1	साइट प्लान के अनुसार अम्बाला कैंट, रेलवे स्टेशन पर कुल 10' x 4' अर्थात 40 वर्ग फुट क्षेत्रफल में डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण।	01.09.2026 12:00:00 hrs.
5.	MSS-UMB-SRE-DigiL-119-26-1	साइट प्लान के अनुसार सहारनपुर, रेलवे स्टेशन पर कुल 10' x 3' अर्थात 30 वर्ग फुट क्षेत्रफल में डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण।	01.09.2026 12:00:00 hrs.

ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अथवा ई–नीलामी पट्टा प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य जानकारी के लिए www.ireps.gov.in पर जाएं। 2867/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

बढ़ती महंगाई बनी चुनौती दूरदर्शी नीतियों की दरकार

महंगाई अब नई चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में भारत के सामने चुनौती केवल खाद्य कीमतों को नियंत्रित रखने की नहीं, बल्कि उस पूरी शृंखला को सुरक्षित रखने की है जो खेत से थाली तक पहुंचती है। पश्चिम एशिया का तनाव, महंगी ऊर्जा, उर्वरक संकट और मौसम की अनिश्चितता अलग-अलग खतरे जरूर हैं, लेकिन इनके एक साथ आने पर इनका असर कहीं ज्यादा गंभीर हो सकता है। सरकार को संकट बढ़ने का इंतजार करने के बजाय अभी से उर्वरक भंडार, घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक आयात स्रोत और खाद्य भंडारण मजबूत करने जैसी नीतियां बनाकर आमजन को महंगाई की आग से बचाना होगा। वहीं, किसानों को भी जलवायु-अनुकूल और कम लागत वाली खेती की ओर बढ़ना होगा। आने वाले वर्षों में खाद्य महंगाई के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति, ऊर्जा संकट, उर्वरकों की उपलब्धता और मौसम में बदलाव जैसे कारक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जेपी मॉर्गन की चेतावनी इसी व्यापक खतरे की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अनुसार 2027 की पहली छमाही में वैश्विक खाद्य कीमतों में करीब पांच प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है और खाद्य वस्तुओं की कीमतों का सीधा असर रसोई पर पड़ता है। इसलिए खाद्य महंगाई को केवल बाजार में मांग और आपूर्ति के नजरिये से देखना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी चिंता उर्वरकों को लेकर है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव यदि लंबे समय तक बना रहता है तो गैस और उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर पड़ेगा और भारत की आयात लागत भी बढ़ सकती है। भारत में किसानों को सस्ती दर पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए पहले ही भारी सब्सिडी देती है। किसानों को महंगी खाद से बचाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाती है तो राजकोषीय बोझ बढ़ेगा। दूसरी ओर सब्सिडी सीमित की जाती है तो किसानों की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। इसका असर फसल की कीमतों पर पड़ना तय है और अंततः इसका भार उपभोक्ता पर आ सकता है। मौसम का मोर्चा भी कम अहम नहीं है। 2026 के अंत या 2027 में मजबूत अल नीनो की संभावना को लेकर जताई जा रही आशंकाएं भारत के लिए विशेष महत्व रखती हैं। हालांकि 1997 में मजबूत अल नीनो के बावजूद भारत में सामान्य से अधिक बारिश हुई थी। इसलिए किसी एक मौसम संबंधी घटना को खाद्य संकट का निश्चित कारण मानना उचित नहीं होगा। फिर भी जलवायु परिवर्तन के दौर में सूखा, अत्यधिक बारिश, गर्मी और अनियमित मानसून के जोखिम बढ़े हैं। कृषि नीति को इन अनिश्चितताओं को ध्यान में रखकर तैयार करना होगा। खाद्य महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। अनाज, दाल, सब्जी और दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमत बढ़ने पर परिवारों का बजट बिगड़ता है। इसलिए सरकार को केवल महंगाई के आंकड़े नियंत्रित करने के बजाय उन कारणों पर भी काम करना होगा जो कीमतों को ऊपर ले जाते हैं। जेपी मॉर्गन का अनुमान अंतिम सत्य नहीं है। वैश्विक बाजार और मौसम की परिस्थितियां बदल सकती हैं, लेकिन चेतावनी नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। भारत को खाद्य सुरक्षा को उर्वरक, ऊर्जा, जल और जलवायु सुरक्षा से जोड़कर व्यापक रणनीति तैयार करनी होगी। यही दूरदर्शिता किसान की लागत और आम आदमी की थाली, दोनों को भविष्य की वैश्विक उथल-पुथल से बचाने का सबसे मजबूत रास्ता होगी।

मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

सुरक्षा, मजबूती और विकास की नई परीक्षा

हाल ही में 14 अगस्त को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि पर भारत को 'रेड लाइन' और जंग की धमकी दी है। ऐसी धमकियां देना पाकिस्तान के नेताओं के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। पाकिस्तान में यह भी माना जा रहा है कि गत 7 अगस्त को सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इस समझौते के तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

ऐसे में सरकार के साथ पूरे देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है और ऐसी मजबूती युद्ध के खतरे को भी कम करती है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत आर्थिक विकास के साथ-साथ सैन्य व परमाणु हथियार मोर्चे पर भी लगातार आगे बढ़ रहा है। यदि हम भारत के विकास परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बीच भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है। दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक विश्वास बढ़ रहा है, विदेशी निवेश में वृद्धि हो रही है, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 692 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है, भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं और भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दूसरी ओर, सैन्य और परमाणु शक्ति की राह पर भी भारत लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हथियारों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने परमाणु निवारक तंत्र को लगातार आधुनिक बना रहा है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक भारत के पास परमाणु वॉरहेड्स की संख्या लगभग 190 तक पहुंच गई है। भारत की नीति में अब यह बदलाव भी देखा जा रहा है कि वह शांतिकाल में भी अपने कुछ परमाणु वॉरहेड्स को डिलीवरी सिस्टम (जैसे कैनिस्टराइज्ड मिसाइलें और परमाणु पनडुब्बियां) के साथ उपयोग के लिए तैयार रखने की दिशा में बढ़ा है। मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्र में 'डिटरेंस गश्त' करने जैसे कदमों से संकेत मिलता है कि भारत अपनी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत कर रहा है। चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौती को देखते हुए भारत की रक्षा तैयारी रणनीति के तहत यह एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बदलाव है। निश्चित रूप से एक ऐसे समय में जब भारत की सीमाएं बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर अधिक संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को न केवल दुनिया की आर्थिक शक्ति, वरन उन्नत तकनीक और परमाणु सामर्थ्य से सुसज्जित सैन्य शक्ति बनने की और अधिक आवश्यकता है। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान द्वारा चीन-निर्मित आधुनिक हथियारों और तकनीक की मदद से छद्म युद्ध व घुसपैठ को प्रश्रय दिया

जाता रहा है। चीन की ओर से भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) एवं विशेष रूप से काराकोरम दर्रे के पास चुनौतियां पैदा की जा रही हैं। तवांग के उत्तर- पूर्व और असफी-ला दर्रे के निकट स्थित तक्सिंग क्षेत्र में चीनी फ़ौजों (पीलए) की घुसपैठ की खबरें भी सामने आती रहती हैं। ऐसी किसी भी घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बल और सेना नाकाम करती रहती है। भारत, चीन के हर विस्तारवादी कदम का लगातार कड़ा और बहुआयामी जवाब दे रहा है। अतीत में भी जब भारत ने आतंकी ठिकानों के खिलाफ कठोर सैन्य कार्रवाई की है, तब चीन और उसके सहयोगी देशों का रणनीतिक तालमेल देखने को मिला है। अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से अपनी मिसाइल क्षमता और पारंपरिक हथियारों का विस्तार किया जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत किसी भी परमाणु खतरे या दोतरफा सामरिक चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। देश की रक्षा नीति स्पष्ट है कि भारत 'पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं' (नो फर्स्ट यूज) करेगा, लेकिन यदि शत्रु ने दुस्साहस किया, तो उसका करारा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। निःसंदेह, बीते वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अपनाई गई आर्थिक और रक्षा विकास की नई रणनीति के तहत देश को आर्थिक और सामरिक आधारों पर मजबूती मिली है। भारत ने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की कठोर नीति अपनाई है। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि भारतीय सेना ने आधुनिक और स्वदेशी हथियारों के बल पर दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया। आज भारत रक्षा क्षेत्र में एआई, ड्रोन तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का प्रभावी इस्तेमाल कर रहा है।

इन उपलब्धियों के बावजूद, इस समय भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि प्रतिस्पर्धी पड़ोसियों से टकराव की आशंका बनी रह सकती है। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ-साथ अपनी अर्थव्यवस्था को युद्ध स्थितियों के लिए तैयार रखने, मजबूत सैन्य शक्ति बनने व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में उभरने के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना अनिवार्य है। 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उस राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए देश का तेज आर्थिक विकास अनिवार्य है। आगामी वर्षों में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'जेन-जी' की ऊर्जा को आर्थिक विकास से जोड़ना होगा। साथ ही, अर्थव्यवस्था को रक्षा क्षेत्र में पूर्णतः 'आत्मनिर्भर' बनाना होगा, जिसका उद्देश्य विदेशी निर्भरता को समाप्त करना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और रक्षा निर्यात को बढ़ाना है। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रक्षा इकाइयों को तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़कर सैन्य साजो-सामान को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना होगा। आज के समय में युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि ये आधुनिक चिप्स, मिसाइलों, स्वार्म ड्रोन, हाइपरसोनिक हथियारों, इलेक्ट्रॉनिक्स और साइबर स्पेस में लड़े जाते हैं। उम्मीद करें कि सरकार कूटनीतिक रूप से सऊदी अरब और खाड़ी देशों के साथ अपने संबंध और मजबूत करेगी, ताकि मक्का समझौते की आड़ में पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध कोई षड्यंत्र करने की अनुमति प्राप्त न हो सके। देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और अन्य विभिन्न क्षेत्रों के सभी लोग एकजुटता, परिश्रम व समर्पण से देश को आर्थिक शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनाने के इस अभियान में अपना हरसंभव योगदान देंगे।

> माना जा रहा है कि सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इसके तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बदइंतजामी
मनोज कुमार अग्रवाल

आस्था का मोल जान देकर चुकाते श्रद्धालु!

देश भर के धार्मिक तीर्थ स्थलों, मंदिरों पर बदइंतजामी चरम पर है कमोबेश सभी जगह एक सी हालत है। कुप्रबन्ध का फायदा उठा कर व्यवस्था में लगे सेवादार सुविधा शुल्क लेकर अपनी जेब भरते हैं और चोर रास्ते से लाइन तोड़ कर दर्शन कराते हैं, जबकि आम श्रद्धालु घंटों भूख प्यास सहकर भी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करता है। अधिकांश बड़े मंदिरों पर तो बाकायदा पैसे देकर वीआईपी दर्शन की सुविधा को ही वैधता दे दी गई है। बहरहाल, इस सब बदइंतजामी के चलते अब आस्था का मोल श्रद्धालु अपनी जान देकर चुकाने को मजबूर हैं। श्रावण मास का तीसरा सोमवार 17 अगस्त श्रद्धालुओं के जीवन पर भारी पड़ गया। इस दिन विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्थलों पर हुई भगदड़ और हादसों में कुल 27 लोगों की मौत हो गई। बिहार के लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर में भगदड़ से 7 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि हताहतों की तादाद सैकड़ों की संख्या में है। यह हादसे पहली बार नहीं हैं, हिन्दू धर्म स्थलों पर कुप्रबन्ध, रखरखाव में गड़बड़ी, संकीर्ण गलियारे और श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद, असंयमित व्यवहार के साथ ही अफवाहों की साजिशें हर पर्व-त्योहार, दर्शन, स्नान मेलों में हादसों की शृंखला बना रहे हैं। बता दें कि बिहार के अशोकधाम मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का खंभा गिरने और अफवाह फैलने से मची भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं की मौत और 19 से अधिक घायल हुए। वहीं मध्य-प्रदेश में उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित चार राज्यों में विभिन्न हादसों और भीड़ के दबाव के कारण कुल 27 लोगों की जान चली गई। अभी दो माह पहले ही महाराष्ट्र के परभणी जिले की मानवत तहसील स्थित यशवाड़ी मारुति मंदिर में शनिवार को हुए दर्दनाक हादसऐ ने पूरे देश को झकझोर दिया। मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिसके कारण कई श्रद्धालु मलबे में दब गए। छह लोगों की मौत हो गई थी। आपको याद होगा कि महाकुंभ मेला, प्रयागराज जनवरी 2025 मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में पवित्र स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के अत्यधिक दबाव से अचानक बैरिकेड्स ढह गए। इस दर्दनाक हादसे में 30 से अधिक लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए।

इसी तरह तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, आंध्र प्रदेश में जनवरी 2025 वैकुंठ एकादशी त्योहार के दौरान वीआईपी और सामान्य दर्शन टिकट लेने के लिए हजारों श्रद्धालुओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हुई। इस भीड़ के अनियंत्रित होने से मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं हाथरस सत्संग, उत्तर प्रदेश 2 जुलाई 2024 को एक धार्मिक आयोजन में बरती गयी लापरवाही सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान ले गयी। यह हाल के वर्षों की सबसे भीषण घटनाओं में से एक है। क्षमता से तीन गुना अधिक यानी करीब 2.5 लाख लोग एक अस्थायी टेंट में जमा हो गए थे। बाबा के जाने के बाद धूल छूने की होड़ और अत्यधिक गर्मी व उमस के कारण मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। भारत आस्था और श्रद्धा का देश है। यहां प्रतिदिन लाखों लोग मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचते हैं। विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में इन स्थानों की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक स्थलों पर भगदड़, दीवार गिरने, छत ढहने, करेंट उतरने और अन्य दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में महाराष्ट्र के सांगली जिले में भी मंदिर परिसर से जुड़ी एक दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई थी। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि समस्या किसी एक स्थान या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन की चुनौती है। अनेक धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन आधारभूत ढांचे का विस्तार और रखरखाव उसी गति से नहीं हो पा रहा। कई स्थानों पर अस्थायी शेड, मंडप और अन्य संरचनाएं बिना पर्याप्त तकनीकी परीक्षण के उपयोग में लाई जाती हैं। कई बार निर्माण कार्य स्थानीय स्तर पर करवा लिया जाता है, लेकिन इंजीनियरिंग मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण की अनदेखी हो जाती है। जब तक कोई दुर्घटना नहीं होती, तब तक इन कमियों पर गंभीर ध्यान नहीं दिया जाता। प्रत्येक घटना के बाद केवल शोक व्यक्त करना पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यक है कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन इन हादसों की निष्पक्ष जांच कराएं और इन तमाम हादसों के पीछे के तमाम कारणों का विश्लेषण कर जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

शिवजी ने तोड़ा था अर्जुन का घमंड

संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

वंदे मातरम् पर विवाद

'वंदे मातरम' केवल एक गीत या चंद पद्य पंक्तियाँ मात्र नहीं हैं, बल्कि यह हमारे स्वाधीनता समर की अमर अग्नि, देश के कोटि-कोटि बलिदानियों का पावन मंत्र और भारत की सनातन चेतना का शाश्वत स्वर है। राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय गीत को राजनीतिक मतभेदों की परिधि से पूर्णतः परे रखा जाना ही एक स्वस्थ एवं परिपक्व लोकतंत्र की प्रथम शर्त है। दलगत राजनीति, विचारधाराओं का मतभेद और सरकारों की नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा हो सकता है, परंतु जब बात राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके अमूल्य प्रतीकों की आती है, तब संपूर्ण देश का एक स्वर में खड़ा होना ही हमारी अखंडता की वास्तविक पहचान है। आज 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर बढ़ते हुए हमें अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को उनका पूर्ण और सर्वांगीण गौरव व सम्मान सहर्ष प्रदान करना चाहिए। *-मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी*

ट्रेंड

क्रूरता की तारीफ

मोदी सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि दिल्ली पुलिस की तारीफ होनी चाहिए। संसद से आधा किलोमीटर दूर, शांतिपूर्ण छात्रों पर पेलेट गन से गोलियां चलाई गईं, कीलों से जड़ी लाठियों का इस्तेमाल किया। क्या हमें इस क्रूरता की तारीफ करनी चाहिए?
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

आतंकवाद पर प्रहार

आतंकवाद के खिलाफ़ भारत का संदेश बिल्कुल साफ़ है, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, बल्कि आतंकवाद पर सीधा प्रहार। एक ही दिन में 14 राज्यों में 200 से ज़्यादा आतंकवादी गुर्गों की गिरफ़्तारी देश की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, क्षमता और बेहतर तालमेल का सबूत है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

सोची-समझी साज़िश

हेमंत सोरेन ने कैबिनेट में जान-बूझकर छात्रों को धोखा देने की सोची-समझी साज़िश के तहत परीक्षाएं रद्द करने का फैसला किया है। अब, गलत तरीके से चुने गए छात्र कोर्ट जाएंगे। नतीजन कोर्ट परीक्षाएं रद्द करने के फैसले पर रोक लगा सकता है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

बेहतरीन अहसास

किसी भी एक्टर की यही चाहत होती है कि वह दर्शकों से जुड़ पाए ताकि वे किरदार के सफर के हर पल को महसूस कर सकें.. जो कहा गया और उससे भी ज़रूरी, जो अनकहा रह गया है, यह सबसे बेहतरीन अहसास है !
- **कृति सेनन,** फिल्म अभिनेत्री

करंट अफेयर

उत्तर टेक्सास में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मना

उत्तर टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति से ओत-प्रोत संगीत और लेजर शो के साथ मनाया। इस अवसर पर फ्रिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत डी. सी. मंजूनाथ भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम शनिवार को फ्रिस्को स्थित कोमेरिका सेंटर में आयोजित 49वें वार्षिक आनंद बाजार के साथ हुआ। आनंद बाजार, इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ टेक्सास द्वारा आयोजित एक प्रमुख सांस्कृतिक और खान-पान उत्सव है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,महावाणिज्यदूत ने सभा को संबोधित किया और भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मंजूनाथ इससे पहले ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व कर चुके हैं। उत्तर टेक्सास में आयोजित इस समारोह में फ्रिस्को के मेयर मार्क हिल, नगर परिषद के सदस्य, स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक तथा क्षेत्र के विभिन्न भारतीय-अमेरिकी संगठनों के नेता शामिल हुए।

ऑफ बीट

मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी - जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है - एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सिनसिनाटी ओपन

ज्वेरेव और जोडर ने चौथे राउंड में बनाई जगह

अलेक्जेंडर ने 2 घंटे 9 मिनट में सीधे सेटों में की जीत पक्की

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने टेरेंस अतमाने को 7-6 (4), 7-6 (8) से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई।

जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 6/4 पर दो मैच पॉइंट बनाए। अतमाने ने पहला ऐस आउट वाइड से मिटा दिया, और ज्वेरेव ने दूसरे पर डबल फॉल्ट करके टाई-ब्रेक को 6/6 पर बराबर कर दिया। 29 साल के ज्वेरेव ने खुद को संभाला, अगले दो पॉइंट लेकर दो घंटे और नौ मिनट में सीधे सेटों में जीत पक्की कर ली।

19 साल के जोडार पहुंचे अंतिम सोलह में

इस बीच, 19 साल के राफेल जोडार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में एलेजांद्रो टैबिलो को 6-2, 6-1 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई, और अपने शानदार 2026 सीजन को जारी रखा। जोडार इस दशक में सिनसिनाटी में राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाले कार्लोस अल्काराज और बेन शेल्टन के साथ शामिल हो गए। स्पेन के जोडर का अगला मुकाबला वर्ल्ड नंबर 10 फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोबोली ने अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को 7-5, 4-6, 7-5 से हराया था। इटैलियन कोबोली ने फाइनल सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद लगातार चार गेम जीते और अपने करियर में चौथी बार मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पहुंचे। जोडर को हाल ही में कैनेडियन ओपन में सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

स्वियातेक ने मारिया को दी शिकस्त

मेसन। इस बीच मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मारिया सकारी को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना ने मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 7-6 से जबकि जेसिका पेगुला ने अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो को 7-5, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेरेंस एटमैन को 7-6 (4), 7-6 (6) से हराकर इस सत्र में एटीपी टूर पर अपना 46वां मैच जीता।

सेरेना-वीनस विलियम्स को मिली हार

सेरेना और वीनस विलियम्स ने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद अपना पहला युगल मैच एक साथ खेला लेकिन उन्हें सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विलियम्स बहनों ने वापसी पर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन आखिर में वे मार्टा कोस्त्युक और पेटन स्टर्न्स से 2-6, 6-1 (10-8) से एक रोमांचक मुकाबले में हार गईं। दोनों बहनें मैच के टाईब्रेकर में 6-0 से पिछड़ने के बाद लगभग वापसी करने ही वाली थीं, लेकिन वीनस विलियम्स के एक डबल-फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पहला टेस्ट

भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमटी, श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर

जीत से छह विकेट दूर टीम इंडिया श्रीलंका के सामने पहाड़ जैसा टारगेट

एजेंसी ▶▶| गाले

भारतीय टीम गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत की दहलीज पर है। मुकाबले के चौथे दिन जीत के लिए 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी है। यहां से भारत को जीत के लिए 6 विकेट की दरकार है, जबकि श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर है।

भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाए थे 462 रन

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी में 462 रन बनाए। इस पारी में देवदत्त पड्डिकल और केएल राहुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 11 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पड्डिकल ने 16 बाउंड्री के साथ 167 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ध्रुव जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। मेजबान टीम से प्रभात जयसूर्या ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि केशरा नुवानथा ने 3 विकेट निकाले। असिथा फर्नांडों को 2 विकेट हाथ लगे।

श्रीलंकाई टीम चौथे दिन 84/4 का स्कोर बना सकी

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम चौथे दिन के खेल तक 84/4 का स्कोर ही बना सकी। श्रीलंका को 13 के स्कोर पर निशान मदुष्का (6) के रूप में पहला झटका लगा। टीम के खाते में सिर्फ 1 ही रन जुड़ा था कि पसिंदु सूरियाबंदारा (0) भी अपना विकेट गंवा बैठे। टीम ने 21 के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट भी खो दिया। यहां से कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने लाहिरू उदारा के साथ चौथे विकेट के लिए 26 रन जोड़े और फिर सोनल दिनुशा के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अटूट साझेदारी की। फिलहाल धनंजय 31 रन और सोनल दिनुशा 25 रन बनाकर नाबाद हैं। इस पारी में भारत की तरफ से मानव सुथार सर्वाधिक 2 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट झटका है।

पंत ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे तेज 100 छक्कों का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने 51वें टेस्ट मैच की 89वीं पारी में 100 टेस्ट छक्कों का मुकाम हासिल कर लिया है। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने हैं। वहीं उन्होंने टेस्ट में सबसे तेज (सबसे कम पारियों में) 100 छक्के भी जड़े हैं। इस मामले में पंत ने बेन स्टोक्स, एडम गिलक्रिस्ट और ब्रेंडन मैकुलम को पीछे छोड़ा है। ऋषभ पंत ने गॉल टेस्ट में दूसरी पारी में 53 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने छक्का लगाकर पचासा जड़ा। यह छक्का उनके करियर का ऐतिहासिक छक्का था। वह दुनिया के सिर्फ चौथे ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में 100 छक्कों का मुकाम हासिल किया है। उनसे पहले कोई भी भारतीय ऐसा नहीं कर पाया था।

टेस्ट में तेज 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

खिलाड़ी	पारी
ऋषभ पंत	89*
गिलक्रिस्ट	130
बेन स्टोक्स	151
ब्रेंडन मैकुलम	170

पडिक्कल ने की बड़ी उपलब्धि हासिल

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मुकाबले में टीम इंडिया की तरफ से बल्ले से नंबर-3 की पोजीशन पर खेलने पर बाएं हाथ के खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल का कमाल देखने को मिला, जिन्होंने पहली पारी में जहां 167 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली तो वहीं दूसरी पारी में 44 रन बनाने में कामयाब रहे, जिसके दम पर पडिक्कल ने इस मुकाबले में कुल 211 रन बनाए। इसी के साथ पडिक्कल ने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली है, जिसमें वह विदेशी सरजमीं पर भारत की तरफ से नंबर-3 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए किसी टेस्ट मुकाबले में 200 या उससे अधिक रन बनाने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत के साथ उन्नति का डेब्यू

उन्नति का म्यांमार की थुज़ार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन, सीधे गेम में दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में डेब्यू करने वाली भारत की स्टार शटलर उन्नति हुड्डा ने भी कमाल का प्रदर्शन किया है। पीवी सिंधु और आयुष शेट्टी के बाद उन्नति हुड्डा ने पहले मैच में म्यांमार की थेट हतार थुज़ार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन से सीधे गेम में 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। उन्नति अब अगले राउंड में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेंगी, जिन्होंने चाइनीज ताइपेई की पी शुई को 22-20, 21-12 से हराया।

म्यांमार की खिलाड़ी को टिकने नहीं दिया

हरियाणा के रोहतक से आने वाली उन्नति ने म्यांमार की खिलाड़ी को अपने सामने कोर्ट पर टिकने नहीं दिया। उन्नति को पहले गेम में म्यांमार की खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी और मुकाबला अंत तक गया, जिसमें उन्नति ने 22-20 से जीत दर्ज की। इसके बाद लेकिन दूसरे गेम में उन्नति ने अपने गियर बदले और ताबड़तोड़ स्मैश व क्रॉस शॉट से विरोधी खिलाड़ी को काफी पीछे छोड़ दिया। उन्नति ने 11-1 से लीड लेने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम करने के साथ दूसरे राउंड में जगह बना ली।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड पर वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का कब्जा

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने जुलाई महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने वाले पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के नामों का ऐलान 18 अगस्त को कर दिया है।

इस बार ये दोनों ही अवॉर्ड वेस्टइंडीज के खिलाड़ी अपने नाम करने में कामयाब हुए हैं, जिसमें पुरुष में ऑलराउंडर खिलाड़ी जस्टिन ग्रीव्स को मिला है जिनका बल्ले और गेंद दोनों से जुलाई महीने में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला था तो वहीं महिला में अनुभवी खिलाड़ी हेली मैथ्यूज इस अवॉर्ड को जीतने में कामयाब हो सकी हैं। मैथ्यूज अपने क्रिकेटिंग करियर में पांचवीं बार यह अवॉर्ड जीतने में कामयाब हो सकी हैं।

हेली ने जीता पांचवीं बार अवॉर्ड

जुलाई महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का महिलाओं में अवॉर्ड जीतने वाली हेली मैथ्यूज ने पांचवीं बार इसे जीतने में कामयाबी हासिल की है। मैथ्यूज ने जुलाई महीने में आयरलैंड के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में बल्ले से कमाल दिखाते हुए कुल 265 रन बनाए थे, जिसमें उनके बल्ले से शुरुआती दो वनडे मुकाबलों में शतकीय पारी देखने को मिली थी। इसके अलावा गेंदबाजी में उन्होंने पहले मुकाबले में 52 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे।

बार्सिलोना के लिए खेलेंगे स्पेन के कप्तान रोड्रि

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

स्पेन के विश्व कप विजेता कप्तान रोड्रि मैनचेस्टर सिटी से अपना स्थानांतरण पूरा करने के लिए बार्सिलोना पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस दिग्गज फुटबॉल क्लब की तरफ से खेलना सपना सच होने जैसा है।

रोड्रि का अभी मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद इस समझौते पर अंतिम मुहर लगेगी, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि बार्सिलोना ने 76.5 मिलियन यूरो (88.5 मिलियन डॉलर) के सौदे पर सहमति जताई है। इस लेन-देन की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने इसकी पुष्टि की। रोड्रि ने कहा, 'यहां आकर बहुत खुशी हो रही है। कुछ दिन काफी तनावपूर्ण रहे, लेकिन मुझे खुशी है कि सब कुछ सही हो गया है।' उन्होंने कहा, 'बार्सिलोना की तरफ से खेलना मेरा सपना था। मैं अब अपने साथियों के साथ जुड़ने को लेकर काफी उत्साहित हूं, जिनमें से मैं पहले ही कई को जानता हूं। अब अपना ध्यान काम पर लगाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय है।'

ऑस्ट्रेलिया ने फ्लॉप ओपनर को किया बाहर, रेनशॉ की वापसी

एजेंसी ▶▶| मैकाय

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश से पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में मिली चौंकाने वाली हार के बाद दो मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के प्रयास में अपने शीर्ष क्रम में एक बदलाव करते हुए सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को बाहर करके उनकी जगह मैट रेनशॉ को फिर से टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रेनशॉ ने 2016 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और 2018 में टीम से बाहर किए जाने से पहले 11 टेस्ट मैच खेले। उन्हें 2023 में तीन टेस्ट मैचों के लिए वापस बुलाया गया, लेकिन तब से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए केवल छोटे प्रारुपों में ही खेला है। 14 टेस्ट मैचों में उनका औसत 29.31 है और उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने अपने पिछले 10 टेस्ट मैचों में से केवल एक ही ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेला है।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप

सेमीफाइनल में आरिव-राजदीप

कानपुर। पश्चिम बंगाल के आरिव दत्ता और राजदीप बिस्वास ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लड़कों के अंडर-13 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आरिव ने तमिलनाडु के एच. तनिष को 11-6, 15-13, 11-7 से जबकि राजदीप ने महाराष्ट्र के अधिराज चौहान को 11-4, 11-6, 13-11 से हराया। लड़कों के क्वार्टरफाइनल में सबसे रोमांचक मुकाबला दिल्ली के अरुणिम अग्रवाल और पश्चिम बंगाल के देबांशु चक्रवर्ती के बीच देखने को मिला। अरुणिम ने पांच गेम तक चले इस मैच में 5-11, 13-11, 11-3, 9-11, 11-9 से जीत हासिल की।

एफआईएच विश्व कप : दूसरे दौर में प्रवेश के लिए भारत और पाक में अहम मुकाबला

पाक के खिलाफ जीत नहीं तो ड्रॉ जरूरी, अग्निपरीक्षा आज

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

पिछले एक दशक से पाकिस्तान से नहीं हारी भारतीय टीम को एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर में प्रवेश के लिए अपने डिफेंस को दुरुस्त करते हुए बुधवार को होने वाले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी को हराना होगा या कम से कम ड्रॉ खेलना होगा। पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ भारत को डिफेंस की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा।

पाकिस्तान अगर हारता है तो हो जाएगा बाहर

पाकिस्तान अगर हारता है तो बाहर हो जाएगा जबकि वेल्स को अगले दौर में जाने के लिए इंग्लैंड को काफी बड़े अंतर से हराना होगा क्योंकि भारत का गोल औसत उससे बेहतर है। अगर भारत दूसरे दौर में जाता है तो इस पूल से उसके कोई अंक आगे नहीं जाएंगे जबकि भारत को हराने के कारण इंग्लैंड तीन अंक लेकर जाएगा। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारत और चार बार की विश्व कप विजेता पाकिस्तान के बीच भले ही मैदानी प्रतिद्वंद्विता का गौरवशाली इतिहास रहा हो लेकिन एशियाई दिग्गजों के बीच पिछले लगभग सभी मुकाबले बेमेल रहने से वह रोमांच खत्म हो गया है।

भारत का पलड़ा भारी

मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत का पलड़ा भारी लग रहा है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच सिर्फ कौशल का नहीं होता, खिलाड़ियों को जज्बात पर काबू रखकर भी खेलना होगा। भारतीय टीम ने हालांकि विश्व कप से ठीक पहले लंदन में प्रो लीग के यूरोप चरण में पाकिस्तान पर 7-1 और 4-3 से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तानी टीम ने आखिरी बाद भारत को 2016 चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान के प्रदर्शन ग्राफ में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। भारतीय टीम लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी है जबकि विश्व कप की सबसे सफल टीम रही चार बार की चैंपियन पाकिस्तान टूर्नामेंट में आठ साल बाद लौटी है।

भारत को गलतियों में सुधार करना होगा

419 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हालांकि कहा कि विश्व कप में किसी भी टीम को हलके में नहीं लिया जा सकता और भारत को गलतियों में सुधार करके उतरना होगा। उन्होंने कहा,' पाकिस्तान से मैच अच्छा होगा लेकिन हम उन्हें कमतर नहीं आंक रहे हैं। उनके पास भी अच्छे ड्रैग फ्लिकर हैं लिहाजा हमें उन्हें पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। इसके अलावा अपने लिए मौके बनाने होंगे और उन्हें भुनाना भी होगा।

सुब्रतो कप: मेघालय ने चंडीगढ़ को 2-0 से दी मात

नई दिल्ली। मेघालय ने 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग में मंगलवार को यहां चंडीगढ़ पर 2-0 की जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। एयर मार्शल एस. शिवकुमार वीएसएम ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह समारोह में विशेष अतिथि रहे। एयर मार्शल शिवकुमार ने कहा, '' 65वां सुब्रतो कप भारत में फुटबॉल के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह को दिखाता है। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा और फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित करेगा।'' जूनियर बालिका वर्ग में कुल 36 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को आठ समूहों में बांटा गया है।

प्रज्ञानानंदा ने कारुआना को बराबरी पर रोका

सेंट लुइस (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप के सातवें दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ काले मोहरों से संघर्षपूर्ण ड्रॉ खेलकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

इस परिणाम के बाद भारतीय खिलाड़ी चार अंकों के साथ कारुआना और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो 4.5 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह परिणाम ग्रैंड चेस टूर के साल के अंत में होने वाले ग्रैंड फिनाले में जगह बनाने की उनकी संभावनाओं के लिए भी अहम है। चार लाख 75 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में अब केवल दो दौर बाकी हैं।

पेपर लीक की घटनाओं को रोकने को लेकर शीर्ष अदालत में सुनवाई

आरोपी परिवारों की संपत्ति का आकलन करें कोर्ट ने केंद्र- राज्य सरकारों से मांगा जवाब

आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में पेपर लीक में शामिल आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करने के निर्देश देने की मांग की गई है।

■ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर पर यह कहा

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मंगलवार को अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है।

छात्रों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का दावा

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक की घटनाओं को रोकने, उनकी जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने में बार-बार नाकामी से छात्रों के मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16, 19 और 21 का हवाला दिया है। याचिका के मुताबिक, सरकारों की ओर से पेपर लीक रोकने के लिए कानून बनाए जाने के बावजूद व्यवस्था में अभी भी कई कमियां हैं। इनमें जांच और मुकदमे के लिए निश्चित समय सीमा का अभाव भी शामिल है।

दोषी पाए जाने पर मिलने वाली सजाएं लगातार चलें

याचिका में यह भी मांग की गई है कि पेपर लीक के अपराध में दोषी पाए जाने पर मिलने वाली सजाएं लगातार चलें, यानी एक के बाद एक लागू हों, न कि एक साथ। याचिकाकर्ता के मुताबिक इससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

भीड़ को नियंत्रित करने की थी फायरिंग

हलफनामे में जानकारी दी गई है कि हाथी चौक के समीप स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक सहायक उप-निरीक्षक ने अपनी 9-एमएम पिस्तौल से दो बार हवाई फायरिंग की थी। इस घटनाक्रम में तीन आंदोलनकारियों को हल्की चोटें पहुंचीं। राज्य सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि इन व्यक्तियों की चोटों का गोलीबारी से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि वेफायरिंग वाले स्थान पर मौजूद ही नहीं थे।

पुलिस महानिदेशक ने दिशा-निर्देश जारी किए

पुलिस विभाग ने यह स्वीकार किया कि एके -47 विशेष अभियानों के लिए इस्तेमाल होने वाला प्लाटून-स्तर का हथियार है, जिसे सामान्य कानून-व्यवस्था संभालने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक ने दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

उग्र भीड़ और हिंसा के पीछे उपद्रवी

शुरुआत में छात्रों का विरोध-प्रदर्शन पूरी तरह अनुशासित और शांत था। हालांकि, बाद में कुछ अराजक और उपद्रवी तत्व भीड़ में घुस आए, जिसके कारण स्थिति हिंसक हो गई और पथराव व तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। इस हिंसा और उपद्रव में कानून-व्यवस्था संभाल रहे करीब 157 पुलिसकर्मी और 7 अन्य शासकीय कर्मचारी चोटिल हुए।

कानून आयोग से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर रिपोर्ट की मांग

याचिका में वैकल्पिक तौर पर कानून आयोग को पेपर लीक से निपटने के लिए दूसरे देशों में अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का अध्ययन करने और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से समयबद्ध जांच और मुकदमे की मांग को फिलहाल आगे नहीं बढ़ाया गया। याचिकाकर्ता ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पारित हो चुका है और इसमें पेपर लीक के खिलाफ कानून को और कड़ा किया गया है।

छात्रों पर गंभीर असर होगा

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक का सबसे ज्यादा नुकसान उन छात्रों को होता है, जो महीनों और वर्षों तक मेहनत करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। परीक्षा रद्द होने या दोबारा होने से उनकी पढ़ाई और करियर की योजना प्रभावित होती है। इसका असर छात्रों के परिवारों पर भी पड़ता है। उन्हें लंबे समय तक तैयारी, कोचिंग और परीक्षा से जुड़े खर्च उठाने पड़ते हैं। कई परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। याचिका में दावा किया गया है कि पेपर लीक से पैदा होने वाले मानसिक और शारीरिक तनाव के कारण छात्रों में गंभीर मानसिक परेशानियां भी बढ़ती हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या की घटनाएं भी सामने आई हैं।

बिहार सरकार का हलफनामा

पुलिस ने हवा में चलाई थी एके-47 से 4 चक्र गोलियां

पटना। बिहार में छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस द्वारा अनुचित और अत्यधिक बल प्रयोग किए जाने के आरोपों पर राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया है।राज्य सरकार ने पुलिस बर्बरता के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान किसी भी तरह की अत्यधिक या असंगत ताकत का इस्तेमाल नहीं किया गया।हलफनामे में सिवान की घटना का जिक्र करते हुए बिहार सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन के दौरान भीड़ में घिरे एक पुलिस कॉस्टेबल ने बचाव में अपने एके -47 हथियार से हवा में 4 चक्र गोलियां चलाई थीं। सरकार ने अदालत को बताया कि गोलियों से कोई भी व्यक्ति या प्रदर्शनकारी घायल नहीं हुआ है।हालांकि, कानून-व्यवस्था जैसी स्थिति में इस प्रकार के असॉल्ट हथियार के अनधिकृत उपयोग को अनुचित आचरण मानते हुए संबंधित सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

अवैध संपत्ति जब्त की जाए

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक करने वालों और इस तरह के अपराध में शामिल लोगों की पूरी संपत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। इसमें उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति की भी जांच करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि जांच में अवैध संपत्ति या अपराध से अर्जित धन का पता चलता है तो भ्रष्टाचार निवारण कानून, मनी लॉन्ड्रिंग कानून, बेनामी संपत्ति कानून और ब्लैक मनी कानून के तहत उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

भारत की चुनावी प्रणाली के मुरीद हुए ट्रंप

अब कांग्रेस बोली- ईवीएम के साथ ज्ञानेशजी को भी ले जाएं अमेरिका

ट्रंप ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय चुनाव प्रणाली की तारीफ किए जाने के बाद कांग्रेस ने उन पर तंज कसा है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने ट्रंप को संबोधित करते हुए कहा कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अमेरिका ले जाएं और वहीं रखें। उन्होंने यह भी तंज किया कि भारत अपनी ईवीएम भी अगली उपलब्ध फ्लाइट से भेज देगा। पवन खेड़ा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा प्रिय डोनाल्ड ट्रंप, कृपया ज्ञानेश कुमार गुप्ता को अमेरिका ले जाइए और उन्हें वहीं रखिए। हम अपनी ईवीएम भी अगली उपलब्ध उड़ान से भेज देंगे। बता दें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भारतीय चुनाव व्यवस्था का उदाहरण देते हुए अमेरिकी चुनाव प्रणाली में कड़े नियमों की वकालत की। ट्रंप ने कहा कि भारत के हालिया आम चुनाव में करीब 64.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया, जबकि एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने डाक मतपत्र के जरिए वोट डाला। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में हर मतदाता के पास वैध फोटो पहचान पत्र होना जरूरी था। ट्रंप के मुताबिक, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस महीने की शुरुआत में उनके प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत के दौरान सवाल किया था।

सेव अमेरिका एक्ट की मांग दोहराई

ट्रंप ने अमेरिकी चुनावों में नागरिकता और मतदाता पहचान से जुड़े नियमों को मजबूत करने के लिए सेव अमेरिका एक्ट (सेव अमेरिका एक्ट) पारित करने की मांग दोहराई है। इस प्रस्तावित कानून के तहत मतदाता के तौर पर पंजीकरण के समय अमेरिकी नागरिकता का प्रमाण देना जरूरी करने, देशभर में वोटर आईडी की अनिवार्यता लागू करने और डाक से मतदान को सीमित करने जैसे प्रावधान शामिल हैं। ट्रंप का कहना है कि ऐसे कदम चुनावी धोखाधड़ी पर रोक लगाने में मदद करेंगे।

लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के 21 ठिकानों पर छापे

वेटनरी ऑफिसर के लिए 70 से 80 लाख रुपये प्रति उम्मीदवार मांगी गई थी रिश्वत

घर समेत 21 ठिकानों पर ईडी ने खंगाले दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के निलंबित किए गए चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस साहूकार, सदस्य शांता होसमनी और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वेटनरी ऑफिसर भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई। यह जानकारी एक अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य और गुजरात में लगभग 21 जगहों की तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई तब शुरू की गई जब केंद्रीय जांच एजेंसी ने इन कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया।

आरोप है कि कुछ बिचौलियों ने शिकायतकर्ता समेत उम्मीदवारों को फोन किया। इसके साथ ही चयन के लिए 70 से 80 लाख रुपए(प्रति उम्मीदवार) की रिश्वत मांगी। अधिकारियों ने बताया कि मामले के शिकायतकर्ता ने पुलिस को इन बिचौलियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ईडी की जांच में पेपर लीक, ओएमआर आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ और केपीएससी अधिकारियों के रिश्तेदारों के अंतिम चयन में मदद करने के आरोपों की भी जांच की जा रही है। जुलाई में, कर्नाटक के गवर्नर थावरचंद गहलोत ने साहूकार को उनकी दो बेटियों के इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ऑफिसर के तौर पर अवैध चयन में मदद करने के आरोप में सस्पेंड कर दिया था।

खबर संक्षेप

फिलीपींसः स्कूल में छात्र ने साथी को मारी गोली

मनीला। फिलीपींस के जाम्बोआंगा शहर में मंगलवार को एक स्कूल में गोलीबारी हुई है। एक छात्र ने अपने ही क्लासमेट को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद भी जान दे दी। फायरिंग में दो सुरक्षा गार्डों की भी मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। घटना एटेनियो डी जाम्बोआंगा यूनिवर्सिटी के स्कूल कैंपस में हुई। पुलिस का कहना है कि आरोपी छात्र ने हमले का कुछ हिस्सा फेसबुक पर लाइव भी दिखाया था।

हसीना के प्रत्यार्पण पर फिर अड़ा बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत यात्रा पर फिर से विचार करने की बात कही है और इसे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यार्पण की अपनी मांग से जोड़ा है। दिलचस्प बात यह है कि यह घटनाक्रम उसी महीने हुआ, जब हसीना ने खुद दिसंबर में स्वदेश लौटने की इच्छा जाहिर की थी। बांग्लादेश के आधिकारिक बयान में हसीना की इस खास टिप्पणी का कोई जिक्र नहीं किया गया। हालांकि, उसने प्रेस कॉन्फ्रेंस की आलोचना की।

केंद्र ने मेटा को कानूनी सुरक्षा छीनने की चेतावनी दी

सीएसएएम के प्रसार पर आईटी मंत्रालय ने जताई कड़ी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मेटा के साथ बातचीत में इंस्टाग्राम पर शेयर होने वाले बच्चों के यौन शोषण वाले कंटेंट (सीएसएएम) पर कड़ी आपत्ति जताई है।

इस बातचीत के बाद सरकार ने कार्रवाई भी की है। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने इस मुद्दे पर मेटा के साथ सख्त बातचीत की और साफ किया कि सीएसएएम कंटेंट का प्रसार नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और ऐसे मामलों में कोई 'सेफ हार्बर (कानूनी सुरक्षा)' नहीं मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने मेटा को समझाते हुए कहा कि उसका मकसद सिर्फ यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय कानूनों और नियमों का पालन हो। वह किसी भी तरह से कवरेज को सेंसर या प्रतिबंधित नहीं करना चाहती।

इंस्टा पर बाल यौन शोषण सामग्री पर सख्ती

संतुलन बनाना प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी

आईटी मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान को दूर करना और सही संतुलन बनाना प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी है।

व्हाट्सएप फीचर पर भी चल रही जांच

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि व्हाट्सएप यूजरनेम का मामला जांच के दायरे में है और यह सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म तक सीमित नहीं है। एआई लेबलिंग पर, मंत्रालय के एक अधिकारी ने कथित तौर पर कहा कि कानून स्पष्ट है कि सिंथेटिक रूप से बनाए गए कंटेंट पर लेबल लगाया जाना चाहिए।

क्या है सेफ हार्बर सुरक्षा?

'सेफ हार्बर' सुरक्षा 'इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट' की धारा 79 के तहत मिलती है। यह इंटरमीडियरीज (मध्यस्थों) को उनके प्लेटफॉर्म पर होस्ट किए गए थर्ड-पार्टी कंटेंट के लिए कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने से बचाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी केंद्र को भेजा नोटिस

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान भी बच्चों के यौन शोषण के खिलाफ सुरक्षा उपायों का पालन करने में सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज की कथित चूक का मामला भी सामने आया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की बेंच ने सरकार को नोटिस जारी किया।

होर्मुज में जहाज पर हुआ हमला

इंजन रूम क्षतिग्रस्त, चालक दल का एक सदस्य हताहत

एजेंसी ▶▶ दुबई

होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर निकल रहे एक जहाज को मंगलवार तड़के अज्ञात प्रोजेक्टाइल ने निशाना बनाया। ब्रिटिश सेना के यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र के अनुसार, हमले में जहाज के इंजन रूम को नुकसान पहुंचा और चालक दल का एक सदस्य हताहत हुआ। हमले की तत्काल किसी संगठन या देश ने जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना ने एक बार फिर इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग

से जहाजों की आवाजाही को लेकर सुरक्षा चिंताएं बढ़ा दी हैं। यूकेएमटीओ ने जहाज या उसके माल से जुड़ी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। यह भी तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि चालक दल का सदस्य हमले में मारा गया है या घायल हुआ है।

नाटो के रूप में देखा जा रहा संगठन

भारत के साथ रणनीतिक संबंधों और क्षेत्रीय संतुलन के कारण मक्का पैक्ट से दूर है मिस्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में हुए मक्का पैक्ट को इस्लामिक नाटो के रूप में देखा जा रहा है। तुर्की द्वारा मिस्र को इसमें शामिल करने की इच्छा जताने के बावजूद मिस्र ने फिलहाल इस रक्षा गठबंधन से दूरी बनाई हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले के पीछे भारत के साथ काहिरा के मजबूत रणनीतिक और आर्थिक रिश्ते एक बड़ा कारण हैं। भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार 6.5 अरब डॉलर तक पहुंच

एआई इमेज

चुका है और मिस्र में भारतीय कंपनियों का निवेश 5.5 अरब डॉलर से अधिक है। 2023 में दोनों देशों ने अपने रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था।

मोदी ने कोविड के दौरान बनाया था फंड, बैलेंस रिकॉर्ड 8,452 करोड़ पहुंचा

पीएम केयर्स फंड एक साल में 1,279 करोड़ की बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम केयर्स फंड (प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं आपातकालीन राहत कोष) का कॉर्पस बढ़कर अपने रिकॉर्ड स्तर 8,452 करोड़ पर पहुंच गया है। इसमें बीते एक साल में 1,279 करोड़ की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फंड में यह तेजी इसके वित्तीय प्रबंधन में किए गए बदलाव के कारण आई है। अब कुल फंड में से 6,641 करोड़ की राशि फिक्स्ड डिपॉजिट में रखी गई है, जिससे बीते वित्त वर्ष में ही 474 करोड़ का ब्याज प्राप्त हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 'पीएम केयर्स' को मिलने वाले घरेलू चंदे में 30 प्रतिशत की भी गिरावट दर्ज की गई और यह 479 करोड़ रुपये रह गया, जबकि विदेशी चंदा 18 प्रतिशत गिरावट के साथ 92.8 लाख रुपये हो गया। 'पीएम केयर्स फंड' की ऑडिट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'पीएम केयर्स फंड' में 31 मार्च 2025 को कुल 8,452 करोड़ रुपये थे, जबकि एक साल पहले यह राशि 7,173 करोड़ थी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें से 7,846 करोड़ रुपये सावधि जमा में और 605 करोड़ बचत खाता में रखे गए थे। 2023-24 में 'पीएम केयर्स' कोष को मिला घरेलू चंदा 681.8 करोड़ रुपये था, जबकि उसे कुल 1.13 करोड़ का विदेशी चंदा मिला था।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विदेशी चंदा में भी 18 प्रतिशत गिरावट आई

पिछले साल विदेशी दान में भी कमी आई, फंड में अभी 8,452 करोड़

'पीएम केयर्स फंड' की ऑडिट रिपोर्ट में जानकारी दी गई

'पीएम केयर्स' की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है कि स्वैच्छिक घरेलू चंदा 2020-21 में सबसे ज़्यादा 7,184 करोड़ रुपये था, जो 2021-22 में घटकर 1,896 करोड़ रुपये हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 909 करोड़ रुपये रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी चंदे में तेज़ी से गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 495 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर था, लेकिन अगले दो वर्षों में गिरकर क्रमशः 40 करोड़ रुपये और 2.57 करोड़ रुपये रह गया। अब विदेशी योगदान 92.8 लाख रुपये है, जो 2019-20 के पहले वर्ष में दर्ज 39.7 लाख रुपये के बाद दूसरा सबसे निचला स्तर है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पीएम केयर्स फंड की स्थापना मुख्य रूप से किसी भी प्रकार की आपातकालीन या संकटपूर्ण स्थिति (जैसे कोविड महामारी) से निपटने और प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। इसे एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया था। प्रधानमंत्री इस कोष के पदेन अध्यक्ष होते हैं; यह कोष पूरी तरह से स्वैच्छिक चंदे से चलता है और इसे कोई बजटीय सहायता नहीं मिलती है।

आरटीआई के दायरे में नहीं पीएम केयर्स

पीएम केयर्स फंड को सरकारी फंड नहीं माना गया है। सरकार पहले ही कह चुकी है कि यह एक चैरिटेबल फंड है और यह सीधे आरटीआई के दायरे में नहीं आता है। इस फंड और आरटीआई के दायरे पर सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है।पीएम केयर्स फंड का ऑडिट भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक कैग नहीं करता। इंडिपेंडेंट चार्टर्ड अकाउंटेंट इसका ऑडिट करता है। इस फंड का इस्तेमाल केवल कोविड जैसी महामारी तक सीमित नहीं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28